दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष: 27, अंक: 256 पृष्ठ 12, रीवा

बुधवार 04 जून 2025

मूल्य: 3.00 रुपए



ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग तेज, 16 दलों ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

-इंडिया गठबंधन के बैठक में संजय राउत बोले- क्या ट्रंप से कहें सत्र बुलाओ

नई दिल्ली, विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की मंगलवार को हुई बैठक में 16 राजनीतिक दलों ने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इन दलों का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे गंभीर और रणनीतिक सैन्य अभियान पर संसद को न तो पूरी जानकारी दी गई है, न ही कोई संवाद हुआ है। ऐसे में विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर को जहां अपना समर्थन जताया है, वहीं इस पर विस्तार से चर्चा और सरकार द्वारा जानकारी दिए जाने की मांग को लेकर संसद के विशेष सत्र बुलाने की मांग भी की है। इस संबंध में इंडिया ब्लॉक के 16 दलों ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर मांग की है। माग पत्र हस्ताक्षर करते हुए विशेष सत्र बुलाने की मांग करने वाले दलों में कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव गुट), राष्ट्रीय जनता दल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, सीपीआईएम, आईयूएमएल, सीपीआई, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, वीसीके, केरल कांग्रेस, एमडीएमके और सीपीआई एमएल शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अलग से प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखेगी।

विपक्ष ने विशेष सत्र की मांग करते हुए मुख्य तौर पर पारदर्शिता की कमी को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा, कि पूरी दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जा रही है,

लेकिन भारतीय संसद को ब्रीफ नहीं किया गया। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अपमान है।

एलन मस्क के पिता एरोल मस्क आज करेंगे रामलला के दर्शन, राम मंदिर ट्रस्ट स्वागत के लिए तैयार

अयोध्या अमेरिकी अरबपति और टेस्ला व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क कल चार जून को अयोध्या आएंगे। यहां पर वह रामलला के दर्शन करेंगे। मस्क दिल्ली से विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से राम मंदिर तक आएंगे। रामलला के दर्शन करने की इच्छा उन्होंने खुद जताई है। एरोल मस्क ने अपने एक बयान में कहा है कि वह राम मंदिर आने के लिए बेहद उत्सुक हैं।भारत पहुंचे मस्क ने भारतीय संस्कृति की तारीफ की है। उन्होंने खुद कहा कि राम मंदिर का दौरा करने के लिए वह बेहद उत्सुक हैं। वह भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अद्भुत मानते हैं। राम मंदिर जाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास अनुभव होगा।

मस्क का अयोध्या आगमन उनकी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति जुड़ाव को भी दर्शाता है। इतना ही नहीं अपने एक बयान में मस्क भगवान शिव की महिमा का भी बखान कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि यदि पूरी दुनिया शिव को फॉलो कर ले तो सभी तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। मस्क ने सनातन धर्म की भी खूब तारीफ की है। वहीं, दूसरी ओर राम मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि यदि एलन मस्क के पिता अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत राम मंदिर आते हैं, तो उन्हें रामलला का दर्शन पूजन कराया जाएगा। इस वक्त राम मंदिर में दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हो चुका है।

ऑनलाइन सट्टा- हर साल 8.5 लाख करोड़ का अवैध दांव, रिपोर्ट ने सरकार को चेताया

बेंगलुरु, देश में ऑनलाइन सट्टेबाज़ी का चलन तेज़ी से बढ़ रहा है और अब यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। उपभोक्ता अधिकार संस्था सीयूटीएस इंटरनेशनल की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 100 अरब डॉलर (करीब ?8.5 लाख करोड़) का दांव अवैध ऑनलाइन गैंबलिंग प्लेटफॉर्म्स पर लगाया जा रहा है। रिपोर्ट में इसे युवाओं, नाबालिगों और देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया गया है।

यूपी में भीषण सड़क हादसे में 4 की मौत, 3 गंभीर रुप से घायल

बाराबंकी,। यूपी के बाराबंकी जिले के रामनगर इलाके में ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे घायल और मृतकों को बाहर निकाला। मृतकों में 3 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। वहीं, घायल में एक 10 साल और एक 9 साल का बच्चा है।

एक व्यक्ति ने की गुटका साहिब के अंगों की बेअदबी, मचा बवाल, आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर,सचखंड श्री दरबार साहिब के बाहर बेअदबी की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद बवाल मच गया। जानकारी के मुताबिक श्री दरबार साहिब के बाहर स्थित श्री गुरु अर्जन देव निवास के पास एक व्यक्ति ने गुटका साहिब के अंगों की बेअदबी की। मौके पर मौजूद संगत ने तुरंत उस व्यक्ति को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ का रही है।

यूपी पुलिस और पीएसी में अग्निवीरों को 20प्रतिशत आरक्षण, उम्र में छूट भी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सेना से रिटायर होने वाले अग्निवीरों के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही अग्निवीरों को उम्र सीमा में भी छूट दी जाएगी। इससे संबंधित प्रस्ताव मंगलवार को होने वाली योगी कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। माना जा रहा है कि प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल जाएगी। योगी सरकार का यह फैसला बहुत बड़ा माना जा रहा है।

जमुई स्टेशन पर जसीडीह ईएमयू ट्रेन में लगी आग,

जमुई,(ईएमएस)। बिहार के जमुई रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया जब प्लेटफॉर्म पर खड़ी जसीडीह ईएमयू पैसेंजर ट्रेन के दो कोचों को जोड़ने वाली कनेक्शन पाइप से अचानक धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यात्री इधर-उधर भागने लगे।

पीसीसी पहुंचे राहुल ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

गुटबाजी खत्म करो, कोई बदलाव चाहिए तो बताओ, मैं करूं....

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को राजधानी भोपाल में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य 2028 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी संगठन को मजबूत करना और बीस सालों से निस्तेज पड़े कांग्रेस संगठन को मिशन 2028 के लिए तैयार करना है। अपने पांच घंटे के दौरे के दौरान राहुल गांधी ने पांच बैठकों में हिस्सा लिया और नेताओं को गुटबाजी खत्म करने, एकजुट होकर काम करने और संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने का कड़ा संदेश दिया।

भोपाल, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज मंगलवार को मध्य प्रदेश दौरे पर भोपाल पहुंचे हैं। यहां उनका उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया और ढोल-मंजीरों के साथ नाचते-गाते माहौल को कांग्रेसमय बना दिया। भोपाल एयरपोर्ट से पीसीसी कार्यालय के बीच में जगह-जगह मंच बनाकर राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया गया है। भोपाल एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का स्वागत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार समेत पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने किया। इसके बाद एयरपोर्ट से पीसीसी दफ्तर जाने के लिए राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ा इसी दौरान रास्ते में कुछ पार्टी कार्यकर्ता जोश में आकर उनकी गाड़ी के समक्ष भी आ गए।

नीट-पीजी 2025 परीक्षा स्थगित, अब एक ही पाली में होगी आयोजित

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर लिया गया फैसला

नई दिल्ली,। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा को स्थगित करने की घोषणा की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद आया है जिसमें परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे एक ही पाली में आयोजित करने को कहा गया था।

पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार यह परीक्षा 15 जून 2025 को होनी थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। बोर्ड ने कहा है कि नई तारीख जल्द अधिसूचित की जाएगी। एनबीईएमएस ने स्पष्ट किया कि परीक्षा स्थगित करने का मुख्य उद्देश्य परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाना और आवश्यक बुनियादी ढांचे को तैयार करना है ताकि न्यायालय द्वारा तय मानकों के अनुसार निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

संशोधित तिथि की प्रतीक्षा

बोर्ड ने कहा है, कि एनबीईएमएस एक ही पाली में नीट-पीजी 2025 आयोजित करेगा। परीक्षा केंद्रों और बुनियादी ढांचे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 15 जून को होने वाली परीक्षा को स्थगित किया गया है। संशोधित तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से 36 लोगों की मौत

सिक्किम में हेलिकॉप्टर से 36 लोगों का रेस्क्यू; मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

अगरतला/इम्फाल(ईएमएस)। देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। मप्र-राजस्थान समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सडक़, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं।

उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है। 31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है।

इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

महामारी का रूप लेता जा रहा कोरोना

.भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट...एक्टिव केस 4 हजार पार,11 राज्यों में अब तक 38 की मौत

कोरोना ले रहा जान, अस्पतालों में नहीं इंतजाम

-देश में 13 दिन में ही कुल एक्टिव केस 257 से 4026 हो गए

-सरकार ने कोरोना को लेकर अभी तक कोई गाइड लाइन भी जारी नहीं किया

नई दिल्ली/मुंबई/भोपालदेश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 4026 पहुंच गई है। इनमें से 50 फीसदी मामले केरल और महाराष्ट्र में हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1416 एक्टिव केस हैं। वहीं, महाराष्ट्र से 494 मामले सामने आए हैं। अब तक देशभर में 2700 मरीज ठीक भी हुए हैं। कोरोना से अब तक 38 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 31 की मौत बीते 4 दिन में हुई हैं। लेकिन विडंबना यह है कि देश के अधिकांश अस्पतालों के कोरोना के मरीजों को भर्ती करने और इलाज करने की व्यवस्था ही नहीं हो पाई है। यही नहीं एक तरफ कोरोना से लगातार मौतें हो रही हैं, दूसरी तरफ सरकार ने कोरोना को लेकर अभी तक कोई गाइडलाइन जारी नहीं की है।

थाईलैंड-अमेरिका की ही तरह भारत में भी ओमिक्रॉन वैरिएंट एनबी.1.8.1 सक्रिय है, यहां संक्रमण की रफ्तार पिछले 10 दिनों में 10 गुना से अधिक हो गई है। 22 मई को देश में कुल एक्टिव केस 257 थे जो 13 दिन में ही बढक़र 3 जून को 4026 हो गए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1416 मामले हैं, महाराष्ट्र में 494 और गुजरात में 397 लोग कोरोना का शिकार हुए। हालांकि अच्छी बात ये है कि यहां कोरोना से रिकवरी रेट अभी अच्छी है। 1 जनवरी से अब तक करीब 2700 लोग संक्रमित होकर ठीक हो चुके हैं, वहीं पिछले 24 घंटे में ही 512 लोग संक्रमण से ठीक हुए हैं। महाराष्ट्र में सोमवार को एक 70 साल और एक 73 साल की महिला की जान चली गई। राज्य में सबसे ज्यादा 10 मौतें हुई हैं। 24 घंटे में केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी 1-1 मौत हुई है।

भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है,

संबंध भारत-कनाडा के संबंधों में जारी तनाव एक बार फिर सुर्खियों में

पीएम मोदी को जी7 का न्योता नहीं मिलने से उठे सवाल, क्या भारत-कनाडा संबंध हो गए खत्म

नई दिल्ली, इस साल कनाडा में 15-17 जून को होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता नहीं भेजा गया है। इससे भारत-कनाडा के संबंधों में जारी तनाव एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। यदि ऐसा ही रहा तो यह पहला मौका होगा जब पीएम मोदी 6 साल में पहली बार जी7 सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे, जबकि वह 2019 से लगातार इसमें भाग लेते आए हैं।

गौरतलब है कि सितंबर 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने आरोप लगाया था कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका है। निज्जर की जून 2023 में कनाडा के सरे शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताया। इसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में तीखा टकराव हुआ, और एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित किया गया।

कनाडा में सरकार बदली, पर हालात नहीं

अप्रैल 2025 में कनाडा में चुनाव हुए और मार्क कार्नी की सरकार बनी। इससे संबंधों में सुधार की कुछ उम्मीदें जगी थीं। विदेश मंत्री अनीता आनंद और एस. जयशंकर के बीच फोन पर बातचीत भी हुई, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर रिश्ते पटरी पर लौटते नहीं दिख रहे हैं।

खालिस्तान मुद्दा बना सबसे बड़ा अवरोधक

भारत की प्रमुख चिंता है कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी तत्व और उनका खुलेआम समर्थन। रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा की नई सरकार पर खालिस्तान समर्थकों ने दबाव डाला कि

हरिद्वार नगर निगम जमीन घोटाला प्रकरण में दो आईएएस, एक पीसीएस निलंबित, दो का सेवा विस्तार समाप्त

भ्रष्टाचार पर धामी सरकार का कड़ा प्रहार

देहरादून मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटले पर सख्त रुख अपनाते हुए, दो आईएएस, एक पीसीएस अधिकारी सहित सात अधिकारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं, इस मामले में तीन अधिकारी पूर्व में निलंबित हो चुके हैं, जबकि दो की पूर्व में सेवा समाप्त की जा चुकी है। इस तरह इस प्रकरण में अब तक 10 अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं। हरिद्वार नगर निगम द्यारा ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास स्थित अनुपयुक्त 2.3070 हैक्टेयर भूमि को करोड़ों रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद सचिव रणवीर सिंह चैहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर, रिपोर्ट 29 मई को ही शासन को सौंपी थी। इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मंगलवार को सभी सात आरोपित अधिकारियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद, कार्मिक विभाग ने मंगलवार को हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन प्रशासक और वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, रजिस्ट्रार कानूनगो राजेश कुमार, हरिद्वार तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास को निलंबित कर दिया है।

रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 23 पैसे की गिरावट पर बंद हुआ। आज सुबह ?विदेशी अमेरिकी मुद्रा में मामूली सुधार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी के दौरान ही रुपया शुरुआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 85.49 प्रति डॉलर पर आ गया था। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की घोषणाओं से पहले अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला।

सोने-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली। सोने की कीमतों में फिर बदलाव देखने को मिला है। कुछ दिनों से गिरावट का सिलसिला जारी है। सोमवार को इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 96680 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव बढ़कर 97761 रुपये किलो हो गया।

रुपया 10 पैसे टूटकर 85.49 प्रति डॉलर पर

मुंबई। विदेशी अमेरिकी मुद्रा में मामूली सुधार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी के दौरान रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 85.49 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की घोषणाओं से पहले अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा कमजोर रुख के साथ खुली और सीमित दायरे में रही।

सोने की कीमतों में भारी गिरावट की चेतावनी

नई दिल्ली। पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों में दिख रही छूट ने निवेशकों को परेशान कर दिया है। मार्च-अप्रैल में सोने की कीमतें 1 लाख प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई थीं, लेकिन वैश्विक घटनाओं ने इसे अब लगभग 97,000 प्रति 10 ग्राम तक गिरा दिया है। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है प्रॉफिट बुकिंग का असर। ऊंची कीमतों पर बड़े निवेशकों ने मुनाफा कमाने का फैसला किया है और पैसा अन्य एसेट्स में लगा रहे हैं।

केजी मोटर्स विकसित किया अनोखा इलेक्ट्रिक व्हीकल

नई दिल्ली। जापान के हिरोशिमा के पास स्थित केजी मोटर्स के स्टार्टअप ने एक अनोखा इलेक्ट्रिक व्हीकल विकसित किया है, जो न तो पारंपरिक कार जैसी दिखती है और न ही किसी लग्जरी एसयूवी जैसी। इस एसयूवी मिबोट का डिजाइन फ्यूचरिस्टिक गोल्फ कार्ट जैसा है, जिसमें एक ही सीट है। इस छोटी कार की रेंज लगभग 100 किलोमीटर है और इसकी टॉप स्पीड है।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। एशियाई और दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार में ये गिरावट बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 636 अंकों की गिरावट के साथ 80,737.51 पर बंद हुआ है। वहीं 50 शेयरों वाला एनएनई निफ्टी 174 अंकों की गिरावट के साथ ही 24,543 के स्तर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए हैं। निफ्टी पर बैंक, फाइनेंशियल, एफएमसीजी, मेटल, आटो, आईटी और फार्मा इंडेक्स गिरावट के साथ ही लाल निशान में बंद हुए हैं जबकि रियल्टी इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स के 29 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में जबकि 1 बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुआ है। आज एमएंडएम के शेयर सबसे ज्यादा उछले जबकि अडानी पोर्ट , बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड , इंडसइंड बैंक के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुलने के बाद लाल निशान में आ गये। सेंसेक्स 393.74 अंक गिरकर 80,980 पर जबकि 88.15 अंक गिरकर 24,628.45 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले मंगलवार को शेयर बाजार गिरावट पर बंद हुए।

वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत, विदेशी निवेशकों का रुख तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजनाओं और अमेरिका-चीन व्यापार तनावों पर बनी चिंताओं के मिश्रण से बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी प्रभावित हुए हैं।

वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को हल्की बढ़त देखी गई। यह वॉल स्ट्रीट में सोमवार को आई तेजी के चलते आई। हालांकि, वैश्विक व्यापार तनाव और गहराने के संकेत मिल रहे हैं। उधर चीन ने अमेरिका पर अस्थायी व्यापार समझौते के उल्लंघन के आरोपों को खारिज कर दिया। साथ ही अमेरिकी पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा न करने का भी आरोप लगाया।

इस बीच जापान का निक्केई इंडेक्स 0.43 फीसदी ऊपर था, जबकि टॉपिक्स और कोस्पी में मामूली तेजी के साथ स्थिरता थी एएक्स 200 इंडेक्स 0.67 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा था। दक्षिण कोरियाई बाजार वोटर्स डे के कारण बंद रहे। सोमवार को एसएंडपी 500 में 0.41 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.67 फीसदी, और डॉव जोन्स में 0.08 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

एलन मस्क के पिता ने इलेक्ट्रिक वाहनों में नए निवेश की सराहना की

- नई योजना के तहत, कंपनियों को 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा

नई दिल्ली। एलन मस्क के पिता और घरेलू सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क ने भारत की यात्रा के दौरान भारत को ई-वाहनों के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दूरदर्शी योजना की सराहना की। एरोल ने 35,000 डॉलर के न्यूनतम सीआईएफ पर इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों पर 15 प्रतिशत का कम सीमा शुल्क को अच्छा विचार बताया।

उन्होंने कहा ?कि यह एक बहुत अच्छा विचार है। साथ ही यह ईवी क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए कई चीजों को आसान बनाएगा। दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी ने कहा कि हाई-टेक इलेक्ट्रिक व्हीकल को स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टेक्नोलॉजी के साथ बनाना कठिन है। उन्होंने ईवी निर्माताओं की मदद के लिए हर संभव अवसर देने की मांग की। एरोल भारत की ग्रीन टेक्नोलॉजी और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में तेजी लाने पर केंद्रित यात्रा के लिए भारत पहुंचे हैं। नई योजना के तहत, कंपनियों को 4,150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। इसके बाद उन्हें 15 प्रतिशत के कम आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन इंपोर्ट करने की अनुमति होगी। सरकारी अधिसूचना के अनुसार इस योजना के तहत आयात किए जाने वाली इलेक्ट्रिक वाहनों की अधिकतम संख्या इतनी होगी कि प्रति आवेदक अधिकतम शुल्क छूट 6,484 करोड़ रुपए या न्यूनतम निवेश सीमा 4,150 करोड़ रुपए, जो भी कम हो, तक सीमित रहे। वहीं एलिजिबल प्रोडक्ट के घरेलू मैन्युफैक्चरिंग के लिए निवेश किया जाना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि अगर योजना के तहत निवेश ब्राउनफील्ड परियोजना पर किया जाता है तो मौजूदा विनिर्माण सुविधाओं के साथ स्पष्ट भौतिक सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 30,000 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद- अमिताभ कांत

- भारत को बहुत सारे बेहतरीन हवाई अड्डे और विमानन कंपनियां भी चाहिए

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने एक बड़ा दावा किया है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक सत्र में उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था चार हजार अरब डॉलर की है और 2047 तक यह 30 हजार अरब डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। कांत ने युवा आबादी के महत्व को भी जताया और कहा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में आबादी बुजुर्ग हो रही है, लेकिन भारत की आबादी की औसत आयु सिर्फ 28 वर्ष है। उन्होंने टिकाऊ शहरीकरण पर भी जोर दिया और कहा कि देश में 50 लाख लोग शहरीकरण की प्रक्रिया में शामिल होंगे और 500 नए शहर बनाने की जरूरत होगी।

कांत ने भी हवाई परिवहन के मामले पर अपने विचार रखे और कहा ?कि भारत को बहुत सारे बेहतरीन हवाई अड्डों और विमानन कंपनियों की जरूरत है। आपको लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने की जरूरत है इंडिगो और एयर इंडिया को अपने बड़े आकार के विमानों के साथ अमीरात, कतर एयरवेज के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। हम बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में विश्वास करते हैं। इस वक्त कांत के दावे और उनके भविष्यवाणियों ने अर्थव्यवस्था के मामले में एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है और भारत के लिए एक उज्जवल भविष्य की उम्मीद उजागर की है।

पिछले महीने 12,327 लोगों ने 5 लाख 70 हजार में खरीद डाली 7-सीटर कार

नई दिल्ली। 7-सीटर कारों की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन, महंगी होने के कारण कई लोग नहीं खरीद पाते हैं। इस समस्या का समाधान मारुति सुजुकी ने किया है। यही वजह है कि पिछले माह मई में मारुति सुजुकी की ईको 7 सीटर कार 12 हजार 3 सौ 27 लोगों ने 5 लाख 70 हजार में खरीद डाली। इससे मारुति सुजुकी इंडिया एक बार फिर गाड़ी बेचने के मामले में देश की नंबर-1 कंपनी बनकर सामने आई है।

मारुति ने पिछले महीने यानी मई में कुल 180,077 गाड़ियां बेचीं। जबकि मई 2024 में उसने 174,551 गाड़ियां बेची थीं। यानी सालाना आधार पर कंपनी को 3 प्रतिशत की ग्रोथ मिली। कंपनी की सेल्स में वैन सेगमेंट की ईको का अहम रोल रहा। ये देश की सबसे सस्ती 7-सीटर कार भी है। पिछले महीने इसकी 12,327 यूनिट बिकीं। जबकि सालभर पहले ये आंकड़ा 10,960 यूनिट का था। इस यूटिलिटी वैन को 5, 6 और 7 सीटर फॉर्मेट में खरीद सकते हैं। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.70 लाख रुपए है। मारुति ईको की सेल्स की बात करें तो ये हर महीने शानदार प्रदर्शन कर रही है। वहीं, मई में पिछले 7 महीने का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। नवंबर 2024 में इसकी 10,589 यूनिट, दिसंबर 2024 में इसकी 11,678 यूनिट, जनवरी 2025 में इसकी 11,250 यूनिट, फरवरी 2025 में इसकी 11,493 यूनिट, मार्च 2025 में इसकी 10,409 यूनिट, अप्रैल 2025 में इसकी 11,438 यूनिट और मई 2025 में इसकी 12,327 यूनिट बिकीं।

ईको में 11 सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं, जो सेफ्टी से जुड़े सभी मौजूदा और कुछ आने वाले नियमों को पूरा करती है। इनमें रिवर्स पार्किंग सेंसर, इंजन इमोबिलाइजर, दरवाजों के लिए चाइल्ड लॉक, सीट बेल्ट रिमाइंडर, ईबीडी के साथ एबीएस, 6 एयरबैग शामिल हैं।

ओडसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की भारत में बढ़ी मांग, मई में की 223 यूनिट्स की बिक्री

नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओडसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने मई 2025 में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस महीने कंपनी ने कुल 223 यूनिट्स की बिक्री की, जो पिछले साल मई 2024 के मुकाबले 42.9 फीसदी ज्यादा है, जब 156 यूनिट्स बिकीं थीं। यह बढ़ोतरी बताती है भारतीय उपभोक्ता अब पर्यावरण-हितैषी और किफायती परिवहन के विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।इस समय जब देश में पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत पर जोर दिया जा रहा है, ओडसी ने अपने नवीनतम मॉडल्स और बेहतर सेवा नेटवर्क के दम पर बाजार में मजबूत पकड़ बनाई है। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल, लॉन्च किए हैं। ईवोक्स लिट एक स्पोर्टी और स्टाइलिश इलेक्ट्रिक बाइक है, जो अच्छी परफॉर्मेंस और उचित कीमत के साथ युवाओं में खास लोकप्रिय हो रही है। वहीं, हायफाय एक किफायती और कम रफ्तार वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो शहर के लिए उपयुक्त है। दोनों मॉडलों को ग्राहकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।

ओडसी के फाउंडर और सीईओ ने इस सफलता पर कहा कि भारत में ई-मोबिलिटी के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उनका कहना है कि कंपनी का उद्देश्य हर ग्राहक को भरोसेमंद और सस्ते इलेक्ट्रिक विकल्प उपलब्ध कराना है, चाहे वह व्यक्तिगत उपयोग के लिए हो। आगे बढ़ते हुए ओडसी अपने डीलरशिप नेटवर्क को और व्यापक करने, नई गाड़ियां लॉन्च करने और बेहतर ग्राहक सेवा देने पर काम कर रही है, ताकि भारत को स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

स्टील पर ट्रंप शुल्क की मार, भारत के पास तीन विकल्प

- वाणिज्य मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के संबंध उत्कृष्ट, सहमति पर पहुंचने विचार करना चाहिए

नई दिल्ली। अमेरिका ने हाल ही में स्टील और एल्युमीनियम आयात पर लगाए गए सेफगार्ड शुल्क को 50 फीसदी तक बढ़ा दिया है। इस निर्णय के बाद भारत को इस विवाद को हल करने के लिए तीन विकल्पों पर विचार करना पड़ेगा। सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारत के पास तीन मुख्य विकल्प हैं।

पहला, भारत द्वारा एक प्रतिक्रियात्मक शुल्क लगाना। दूसरा, विश्व व्यापार संगठन में शिकायत दर्ज करना। और तीसरा, द्विपक्षीय वार्ता जारी रखना और समझौते पर पहुंचना। सभी विकल्प तैयार हैं लेकिन अंतिम निर्णय लेने के लिए अभी इंतजार किया जा रहा है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दोनों देशों के बीच इस मुद्दे को हल करने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध उत्कृष्ट हैं और उन्हें सहमति पर पहुंचने के लिए विचार करना चाहिए।

भारत ने डब्ल्यूटीओ को अपनी सेफगार्ड समझौते के तहत अमेरिकी शुल्क का जवाब देने के लिए रियायतों को निलंबित करने की सूचना दी। भारत का कहना है कि अमेरिकी शुल्क उन्हें समान रियायतें वापस लेने का अधिकार देते हैं, क्योंकि वे डब्ल्यूटीओ नियमों के तहत सेफगार्ड उपायों की तरह हैं। अमेरिका ने इसका जवाब देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा कार्रवाई है और उसके प्रतिक्रियात्मक शुल्क पर चर्चा नहीं की जाएगी। इसके बजाय अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से भारत के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है।

इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने से पहले भारत का निर्णय महत्वपूर्ण होगा और दोनों देशों के बीच के व्यापारिक संबंधों के बारे में नए मोड का निर्माण हो सकता है।

पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री के साथ आर्थिक संबंधों में चर्चा की

- गोयल ने पिछले तीन दिनों में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें कीं

पेरिस । वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ आर्थिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा की।

इस बैठक का मकसद भारतीय और सिंगापुरी व्यापार संबंधों को मजबूत करना है। मंत्री ने व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने के लिए आधिकारिक यात्रा पर भी रवाना हुए हैं। गोयल ने पिछले तीन दिनों में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट और लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस शामिल हैं। गोयल ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत में निवेश के अवसरों का भी अवलोकन किया। चर्चा में पोत परिवहन क्षेत्र को बड़ा महत्व दिया गया है। यह चर्चा महत्वपूर्ण है क्योंकि पोत परिवहन क्षेत्र व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है और इससे परिवहन लागत में कमी आएगी। इसे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा ?कि हमारे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। साथ ही भारत द्वारा पोत परिवहन क्षेत्र में प्रदान किए जाने वाले व्यापक अवसरों का भी विस्तारक अवलोकन किया गया। सरकार ने केंद्रीय बजट में भारत में पोत परिवहन क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण प्रोत्साहन दिया है। बजट में समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) की स्थापना का प्रस्ताव भी किया गया है। इससे समुद्री परिवहन संबंधित योजनाओं को सीधा सहायता प्राप्त होगी।

चेन हडसन बे के कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद

- कभी एक तिहाई कनाडा पर था अधिकार, अब दिवालिया हुई कंपनी

नई दिल्ली। कनाडा की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित रिटेल चेन हडसन बे कंपनी ने कनाडा में अपने सभी 80 डिपार्टमेंटल स्टोर्स बंद कर दिए हैं। कुछ ही हफ्ते पहले कंपनी ने अपनी स्थापना की 355वीं वर्षगांठ मनाई थी।

यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी लेकिन भारी कर्ज के चलते कंपनी की हालत लगातार बिगड़ती गई और हाल ही में इसे दिवालिया घोषित कर दिया गया। वर्ष 1670 में ब्रिटेन ने इस कंपनी की स्थापना फर व्यापार के लिए की थी और इसे कनाडा के एक-तिहाई हिस्से के बराबर जमीन दी थी। हडसन बे कंपनी सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि कनाडा की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रही है. यह कंपनी कनाडा की आखिरी पारंपरिक डिपार्टमेंटल स्टोर श्रृंखला थी। कंपनी ने 89 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। 2006 में एचबीसी को अमेरिकी व्यवसायी जेरी जकर ने 1.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था। 2008 में एनआरडीसी इक्विटी पार्टनर्स ने इसे अधिग्रहित किया, जो सैक्स फिफ्थ एवेन्यू के भी मालिक थे। मार्च 2025 में एचबीसी ने कनाडा के कंपनी क्रेडिटर्स अरेंजमेंट एक्ट के तहत क्रेडिटर प्रोटेक्शन के लिए आवेदन किया और अपने 80 हडसन बे स्टोर, तीन सैक्स, और 13 सैक्स ऑफ 5 स्टोर को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की। 1 जून, 2025 को सभी स्टोर बंद हो गए।

महिंद्रा थार रॉक्स में इन-कार एंटरटेनमेंट के स्तर को नई ऊंचाई पर पहुंचाया

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी महिंद्रा ऑटो हमेशा से अपने व्हीकल्स में इनोवेशन के लिए जाना जाता रहा है। बीई 6 और एक्सईवी 9ई मॉडल्स में 1400 डब्ल्यू पावर और 16 स्पीकरों वाला ऑडियो सिस्टम देने के बाद, कंपनी ने अब महिंद्रा थार रॉक्स में इन-कार एंटरटेनमेंट के स्तर को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

आजकल कार या एसयूवी की बिक्री में म्यूजिक सिस्टम भी बड़ा रोल निभाता है, क्योंकि ज्यादातर ग्राहक बेहतरीन साउंड क्वालिटी को प्राथमिकता देते हैं। थार रॉक्स अब दुनिया की पहली एसयूवी बन गई है जिसमें 4-चैनल डॉल्बी एटमॉस ऑडियो सिस्टम दिया गया है। महिंद्रा थार अपनी अनूठी ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के साथ-साथ आराम और टेक्नोलॉजी के लिए भी प्रसिद्ध है। थार रॉक्स के लॉन्च के साथ यह सिद्ध हो गया कि ऑफ-रोडर्स को अब केवल बुनियादी सुविधाओं तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा। यह नया मॉडल अपने जॉनर में पहले कभी न देखे गए आराम और तकनीकी फीचर्स से लैस है।

टॉप-स्पेक एक्स एएक्स7एल ट्रिम में मिलने वाला 4-चैनल डॉल्बी एटमॉस सिस्टम ऑडियो में गहराई, विसर्जन और यथार्थवाद को एक नया स्तर देता है, जिससे ड्राइविंग अनुभव और भी खास बन जाता है। थार रॉक्स में 400डब्ल्यू पावर के साथ 9-स्पीकर हरमन कार्डन साउंड सिस्टम लगा है, जो 10.2 इंच की फ्री-स्टैंडिंग हेड यूनिट के जरिए कंट्रोल होता है। साथ ही, यह लिमिटेड समय के लिए गाना म्यूजिक सेवा का मुफ्त सब्सक्रिप्शन भी प्रदान करता है।

पूर्व सचिव बैठेंगे अनशन आत्मदाह की दी चेतावनी

सीधी। जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत अहिरान टोला के पूर्व सचिव यज्ञनारायण तिवारी अब 10 जून 2025 को सीधी में डॉण् भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप अनशन बैठने सहित आत्मदाह करने की चेतावनी दिए हैं। उन्होने कलेक्टरए पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत सीईओ सहित तमाम विभागीय अमले को यह जानकारी दे चुके हैं ।

रविवार को बंद रहेंगी जिले की सर्राफा दुकानें

सीधी। स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष हल्के सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जिला मुख्यालय सहित 20 किलोमीटर की दूरी तक आने वाली सभी सर्राफा दुकानें प्रत्येक रविवार को बंद रहेंगी। जिलाध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि सर्राफा मंडल द्वारा एक बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की सीधी शहर एवं शहर के 20 किलोमीटर के आसपास की सभी दुकान प्रत्येक रविवार को अपनी.अपनी प्रतिष्ठान नहीं खोलने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर ने सुनी 149 आवेदकों की समस्यायें

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 149 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ड्रोन का प्रदर्षन

सतना विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को रामपुर बघेलान विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तिहाई में कृषकों के समक्ष ड्रोन द्वारा खेत में दवा के छिडकाव का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कृषक संगोष्ठी का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिक, उपसंचालक पशुपालन, कृषि, उद्यान, फसल बीमा के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई।

महिलाओं के कार्यस्थल पर आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश

सीधी कार्यस्थल में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अन्तर्गत आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिये गये हैं। समस्त कार्यालय प्रमुखों को अपने कार्यालय में तथा जिले के विभिन्न विभाग, संगठन, उपक्रम, संस्था , प्राइवेट सेक्टर सोसायटी, दुकान, बैंक, सहकारी संस्थायें, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थाए, उद्यम मनोरंजक संस्थाए, अस्पताल, आदि में जहां 10 या 10 से अधिक कर्मकारकार्यरत है आंतरिक समिति का गठन के निर्देश दिये गये हैं।

विष्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को होंगी ग्राम सभायें

सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मध्यप्रदेश राज ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से संबंधित एजेंडा बिन्दु चर्चा के लिए शामिल किये गये हैं।

नशा मुक्ति अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

सीधी मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला चिकित्सालय में नशा उन्मूलन का आयोजन किया गया।

घडियालों से गुलजार हुआ सीधी का सोन अभ्यारण

132 हुई बच्चों की संख्याए 44 साल पहले हुआ था शुरू

सीधी। जिले के सोन घडियाल अभ्यारण में घडियालों का कुनबा बढने् की अच्छी खबर सामने आने से विभागीय अमले में भी काफी खुशी है। सोन घडियाल अभ्यारण जोगदह इन दिनों घडियालों के बच्चों से गुलजार है। 132 घडियालों के पैदा होने से विभाग के अधिकारियों.कर्मचारियों और जिले के लोगों में खुशी की लहर है। यह पहली बार हुआ हैए जब इतनी संख्या में घडियालों के बच्चे हुए हैं। अब सोन घडियाल अभ्यारण अमला उनकी देखरेख एवं सुरक्षा.व्यवस्था में जुटा हुआ है।

बताते चलें कि वर्ष 1981 में सीधी जिले के सोननदी के जोगदहा में सोन घडियाल अभ्यारण बनाया गयाए जहां मगर व घडियालों को लाकर रखा गया। शुरुआती दौर के परिश्रम के बाद विभाग को सफलता मिलती रहीए लेकिन बाद में घडियालों की संख्या बढ़ाना और उन्हें बचाना एक चुनौती सा हो गया। वर्ष 2021 में दो नर घडियालों की मौत हो गई। इसके बाद यहां नर घडियालो की संख्या ना के बराबर रही। बाद में चंबल से एक नर घडियाल सीधी लाया गयाए इसके बाद पांच मादा घडियालों से 132 बच्चे पैदा हुए हैं। घडियाल विलुप्त होती प्रजाति हैए जिसे बड़ी मुश्किल से बचाया जाता है। अनुपात में जन्म के बाद कुल संख्या में दो प्रतिशत ही घडियाल के बच्चे बच पाते हैं। जहां हेचरी की सुविधा हैए वहां उनके बचने की संख्या ज्यादा होती है। चंबल क्षेत्र में यह सुविधा उपलब्ध है। अंडे से बाहर आने के बाद बच्चों को हैचरी में रखा जाता है और फिर उन्हें बड़े होने पर छोड़ दिया जाता है।

सीधी जिले में बने सोन घडियाल अभ्यारण में अभी तक हैचरी की सुविधा नहीं हो पाई हैए जिसके चलते घडियालों के बच्चों को बचाना चुनौती रहता है। आगामी समय में यहां भी हेचरी की सुविधा उपलब्ध होगी और घडि?ालों से होने वाले बच्चों को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। बिहार गया नर घडियाल नहीं आया वापस सोन घडियाल अभ्यारण से एक नर घडियाल पानी के बहाव में बिहार चला गया थाए जिसके शरीर में चिप लगी होने के कारण उसकी लोकेशन भी मिली।

विभाग ने जब बिहार सरकार से बात की तो साफ तौर पर घडि?ाल को वापस देने के लिए मना कर दिया गया और स्थिति यह है कि काफी प्रयास के बावजूद आज भी सीधी का नर घडियाल बिहार में है।

डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न

सतना मैहर जिले की जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से नवनीत तिवारी, नाबार्ड से जीडी गोपेश, अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा सहित मैहर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभागों से विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि विगत तिमाही बैठक में मैहर जिले का जमा ऋण अनुपात 68 प्रतिशत रहा।

जिस पर कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जमा ऋण अनुपात अगली तिमाही तक 70 प्रतिशत करने का प्रयास करें। बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक एवं यूको बैंक का जमा ऋण अनुपात कम रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश का कुल जमा ऋण अनुपात 82 प्रतिशत है। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि रीवा संभाग में सबसे अधिक जमा ऋण अनुपात मैहर जिले का है एवं सबसे कम अनुपात सिंगरौली जिले का है।

मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन

सतना कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

एनडीआरएफटीम ने एनजीओ और स्टाफको दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

सतनाआपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 वी वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के दिशा-निर्देशन 11 वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा नगर पालिका भवन मैहर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत नगरपालिका स्टॉफ को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत किसानों को दी गई जानकारी

सतना उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अऋणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये दिनांक 29.05.2025 को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ हुआ।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के छठवें दिन मंगवार को प्रत्येक विकासखण्ड के 03-03 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 को आगे बढाया गया। जिसमें सोहावल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उजरौंधा, मौहार, बरहना, विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत तिहाई, अबेर, लखनवाह, विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत किटहा, हिरौंदी, पछीत, विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत दुरेहा, उमरीबृज, सितपुरा, विकासखण्ड उचेहरा के ग्राम पंचायत गुढा, बिचवा, कुलहरियाखुर्द, विकासखण्ड अमरपाटन के ग्राम पंचायत टिनदुहटा, विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत मसमासी, पुरैना, देवरीकलां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैंक सखी बनकर पुशपा ने बदली अपनी किस्मत

सतना मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन की ग्राम पंचायत धोबहट में रहने वाली 32 वर्षीय पुष्पा साकेत के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वह हमेशा कुछ ऐसा करने की सोचती रहती, जिससे परिवार का खर्च चल सके। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से उनका यह सपना पूरा होता नहीं दिख रहा था। तभी पुष्पा साकेत को शारदा स्व सहायता समूह से जुडकर वह आजीविका मिशन द्वारा उन्हें बैंक सखी बनने का मौका मिला।

बैंक सखी के रूप में लोगों से जुडने के बाद पुष्पा का आत्मविश्वास बढा और वह अन्य कामों के लिए आगे बढने लगी। अब पुष्पा अपने नये कौशल से लैस अपने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बचत खातों के लाभों के बारे में जानकारी दे रही है। साथ ही पुष्पा ने ऋण आवेदनों में सहायता करना और महिलाओं के लिए वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच की सुविधा शुरू कर दिया है। इस व्यवसाय से पुष्पा अब हर महीने 10 हजार रूपये कमा रही है। बैंक सखी के माध्यम से पुष्पा 105 स्व-सहायता समूह एवं 9240 हितग्राहियों का बीमा भी कर चुकी है। बैंक सखी के रूप में पुष्पा का समर्पण गांव की अन्य महिलाओं को अपने आर्थिक जीवन की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करता है। इस उपलब्धि के लिए पुष्पा साकेत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

जमोड़ी में श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

सीधी मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में मंगलवार दिनांक 03.06.2025 को ग्राम जमोड़ी में श्री मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा (नालसा असंगठित क्षेत्र के कामगारों/श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना) अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में श्री कौशिक द्वारा गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को विधिक सेवाएं, नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐ) योजना, 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएं, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक साक्षरता शिविर), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिको के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा न एसिड अटैक पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना, वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सहायताशासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

क्लबफुट से पीडित बच्चों का किया गया इलाज

सतना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में क्लब फुट से पीडित 16 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद दुबे द्वारा क्लब फुट के 3 बच्चों का पोनसेटी विधि से ईलाज किया गया तथा 6 बच्चों को सूज प्रदान किये गये तथा 7 बच्चों का प्लास्टर किया गया। बताया गया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति बच्चें के जन्म के समय बच्चें में मौजूद एक संचारात्मक परिवर्तन है जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते है। यह एक जन्मजात दोष है। जिसमे बच्चें के एक या दोनो पैर अंदर की ओर मुडे हुये होते हैं। 1000 नवजात बच्चों मे से 2 बच्चों मे यह दोष पाया जाता है, जिसका ईलाज संभव है। जिसके बाद ये बच्चें अन्य बच्चों की तरह सभी गतिविधियां सामान्य रूप से कर सकते है।

सीवर लाइन बनी जानलेवा, सांसद को पत्र लिखकर उठाई आवाज

मैहर। एक ओर सरकार स्मार्ट सिटी और विकास की बुनियाद को गढ़ने का सपना देख रही है तो दूसरी ओर मैहर नगर में अमृत योजना के अंतर्गत सीवर लाइन का कार्य ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो मौत का नाला खोदा जा रहा हो। नगर पालिका परिषद मैहर की जलकर एवं सीवर समिति की सभापति रामलली दुबे ने सतना सांसद गणेश सिंह से मैहर प्रवास के दौरान पत्र देकर इस भीषण अव्यवस्था की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। अपने पत्र में उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि अमृत योजना के अंतर्गत हो रहे सीवर लाइन के कार्य में सुरक्षा मानकों की खुले आम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। नतीजतन नगर की जमीन तले मौत की सुरंगें बनती जा रही हैं जिनमें अब तक कई निर्दोष जानें समा चुकी हैं। रेस्टोरेशन नहीं विनाश का निर्माणः नगर पालिका समिति के सभापति अनुसार सड़कें तोड़ी जा रही हैं परंतु उनका रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा। इससे हर कोने में धूल, गड्ढे और मलबे का साम्राज्य फैल चुका है मानो नगर अब विकास नहीं विनाश की प्रयोगशाला बन गया हो। उन्होंने लिखा कि कार्यस्थलों पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड है और ना ही कोई बैरिकेडिंग या सुरक्षा व्यवस्था। बीते दिनों कई दुर्घटनाएँ घट चुकी हैं जिनमें तीन मासूम बच्चों की मौत और एक बेकसूर राहगीर का जीवन बलि चढ़ चुका है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद मैहर, जिला-मैहर (म.प्र.)

Phone-(07674) 232054, Fax-(07674) 234288, e-mail – cmomeher@mpurban.gov.in

क्र./223/ई–निविदा/2025 मैहर, दिनांक 20/5/25

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार जो निविदा मानदण्ड को पूरा करते हों, से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	टेंडर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा फार्म का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की अवधि
1	427149	वार्ड क्र. 04 पटेहरा मे शास. शाला से लेकर महर्षि स्कूल तक दोनो तरफ नाली निर्माण	41,96,743.00	31,500.00	5,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 03 माह
2	427150	वार्ड क्र. 04 हरदुआ कला गोविन्द कोल के घर से राम गोपाल के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण	12,08,917.00	9,100.00	2,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 02 माह
3	427151	वार्ड क्र. 04 संजू दाहिया के घर से अर्जुन कुशवाहा के घर तक नाली एवं रोड निर्माण	6,97,082.00	7,000.00	2,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 02 माह
4	427152	वार्ड क्र. 04 हरदुआ कला में नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण	7,88,997.00	7,900.00	2,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 02 माह
5	427154	वार्ड क्र. 04 पटेहरा श्मशान घाट में बैठक व्यवस्था शेड निर्माण	10,96,941.00	8,300.00	2,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 02 माह
6	427155	वार्ड क्र. 04 पटेहरा बीड़ी कालोनी में नाली निर्माण	21,70,568.00	16,300.00	5,000.00	केन्द्रीयकृत पंजीयन	कार्यादेश से 03 माह

1– इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदार द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

2– निविदा प्रपत्र दिनांक 02/06/25 समय 10.30 बजे से दिनांक 02/07/25 को समय 17:30 बजे तक ऑन लाइन प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मैहर
मैहर, दिनांक ...

विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को नरवाई नहीं जलाने की सलाह दी गई

नरवाई से जैविक खाद बनाना लाभदायक - कृषि वैज्ञानिक

सीधीसीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को नरवाई नहीं जलाने तथा उससे जैविक खाद बनाने की सलाह दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान में छठवें दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड में कपुरी, भरतपुर, बढ़गौना, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखण्ड में सिहावल, महुआर, सेमरी तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में गुडुआधर, खोखरा एवं अमगांव में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है।

आयुक्त ने किया सूर्या नाले का निरीक्षण

सिंगरौली कीर्ति प्रभा मानसून सीजन के दौरान शहरी क्षेत्र के ऐसे नालेएतालाब जहा पर जल भराव की संभावना बनी रहती है ऐसे स्थलो को चिन्हित कर नगर निगम आयुक्त के द्वारा स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध कराये जा रहे है। इसी क्रम में आज नगर निगम आयुक्त श्री डीण्के शर्मा के द्वारा सेमराबाबा के समीप बहने वाले सूर्या नाले का निरीक्षण कर नाले की बेहतर साफसफाई कराने के निर्देश दिए गए।नगर निगम आयुक्त के द्वारा प्रायः सुबह के समय नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर निर्माण कार्यए साफसफाई व्यवस्था आदि का अवलोकन किया जाता है।



मनुष्य अपना स्वामी नहीं, परिस्थितियों का दास है।
- भगवतीचरण वर्मा

आंतरिक और बाह्य चुनौतियों से जूझता भारत

सीमावर्ती राज्यों और पड़ोसी देशों से भारत को लगातार चुनौतियां मिल रही हैं। पिछले एक दशक में भारत के पड़ोसी देश और पूर्वोत्तर राज्य सबसे बडी चुनौती के रूप में सामने हैं। भारत के पड़ोसी देश चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका भारत के लिए चुनौती बने हुए हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में कट्टरपंथी तेजी के साथ सक्रिय हो रहे हैं। पाकिस्तानी सेना पर कट्टरपंथियों का प्रभाव है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में जिस तरीके की अशांति लंबे समय से फैली हुई है, भारत को आंतरिक और बाहय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों से यह चुनौतियां बढ़ती ही जा रही हैं। भारत को वर्तमान स्थिति में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश से सबसे बड़ा खतरा है। हाल ही में चीन ने जिस तरह से पाकिस्तान का समर्थन किया है। उसे आर्थिक और सामरिक मदद दी है। उसके कारण भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। पिछले एक दशक में चीन ने भारत के सभी पड़ोसी देशों के साथ बड़े-बड़े अनुबंध किए हैं। अरबों डॉलर का कर्ज भारत के पड़ोसी देशों को दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से चीन ने भारत के पड़ोसी देशों के सामरिक महत्व के क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। ऐसी स्थिति में दुनिया के देशों के बीच बढ़ता तनाव और उस पर भारत का पाकिस्तान और चीन के बीच जिस तरह का तनाव देखने को मिल रहा है, वह भारत के लिए चिंताजनक है। भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम, मेघालय, अरुणाचल, मणिपुर अशांत राज्य हैं। विशेष रूप से मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगी हुई है। यहां पर कुकी और मैतई के बीच पिछले दो वर्षों से हिंसक वारदात हो रही हैं। दोनों समुदायों के बीच भारी तनाव बना हुआ है। भारत का सुरक्षा बल जम्मू- कश्मीर, मणिपुर और बांग्लादेश की सीमा पर बड़ी संख्या में तैनात हैं। ऐसी स्थिति में जब तृतीय विश्व युद्ध जैसे हालात तैयार हो रहे हों, ऐसे समय पर भारतीय सेना के लिए सीमावर्ती राज्य चिंता का विषय बने हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह की स्थिति देखने को मिल रही है। भारत के सभी पड़ोसी देश चीन के प्रभाव में हैं। भारत पड़ोसी देशों के बीच में बिल्कुल अलग-थलग पड़ गया है। चीन के साथ भारत का रिश्ता वैसा मधुर नहीं रहा, जो पिछले वर्षों में था। हाल ही में पहलगाम में हुई घटना के बाद जब भारत ने पाकिस्तान का जल रोकने का निर्णय लिया तो उसके बाद चीन ने भारत को चेतावनी दी। यदि उसने पाकिस्तान का पानी शुरू नहीं किया, तो वह ब्रह्मपुत्र नदी का पानी भारत के लिए रोक देगा। ऑपरेशन सिंदूर मे पाकिस्तान ने चीन के अत्याधुनिक हथियारों से भारत के ऊपर हमला किया। चीन पाकिस्तान का रक्षा कवच बनकर सामने आया। जिस तरह से भारत को चीन और पाकिस्तान से लगातार चुनौती मिल रही हैं, उसके कारण भारत की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। उनके शपथ ग्रहण समारोह में सेकडों राष्ट्राध्यक्ष भाग लेने के लिए दिल्ली आए थे। 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के बाद कोई भी राष्ट्र भारत के समर्थन में खुलकर खड़ा नहीं हुआ। यह भारत के लिए चिंताजनक स्थिति है। यह भारत की विदेश नीति की विफलता भी है। भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाकर नहीं रख पाया। वैश्विक स्तर पर जिस तरीके से चीन के मुकाबले भारत की इमेज बनी है, वह भारत के लिए सबसे नुकसानदेह साबित हो रही है। पुरानी कहावत है, स्त्री और सत्ता ताकतवर हाथों में ही सुरक्षित रहती है। चीन इस समय एशिया का सबसे ताकतवर देश है। चीन का व्यापार दुनिया के सभी देशों के साथ हो रहा है। कुछ मामलों में चीन की मोनोपॉली है। चीन ने हो हल्ला नहीं किया लेकिन अपने कारोबार को तथा अपनी तकनीकी को लगातार विकसित किया है। भारत के पड़ोसी देशों को चीन ने पिछले एक दशक में बडी मात्रा में आर्थिक सहायता देकर उन्हें अपना आश्रित बना लिया है। ऐसा करके उसने भारत को चारों ओर से घेर लिया है। चीन को भारत से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। सुनियोजित रणनीति के तहत चीन, भारत को हमेशा कमजोर करके रखना चाहता है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी सुरक्षा व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान देना होगा। पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्तो को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना होगा। चीन और भारत के संबंध किस सीमा तक हों, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। चीन के ऊपर भारत की निर्भरता पिछले एक दशक में काफी बढ़ गई है। भारत को अधिकांश आयात चीन से करना पड़ रहा है। भारत का औद्योगिक और उपभोक्ता सामान चीन से ही आता है। सामरिक और आर्थिक दृष्टि से चीन, भारत के मुकाबले अति ताकतवर है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष को साथ मिलकर काम करना होगा। नागरिकों को महंगाई और बेरोजगारी से बचाते हुए, आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना पड़ेगा। यदि इसमें जरा सी भी लापरवाही की गई, तो भारत को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी फैल रही है। रूस-यूक्रेन, इजरायल गाजा एवं अन्य देशों के बीच जिस तरह का तनाव बना हुआ है। उसको देखते हुए अब तीसरे विश्व युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में भारत को काफी सावधान रहने की जरूरत है।

आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें

(आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस- 4 जून, 2025)

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? ये प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फिलिस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनिया भर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमज़ोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन, हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनिया भर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नयी बन रही विश्व संरचना के लिये गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं।

हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिये जागरुकता का अभाव है।

युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पायी गयी। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफ़गानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, च्दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।ज

बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हँसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है।

एक अजीब संयोग- इस जमीन से पाक को चेतावनी जो कभी पाकिस्तान की होने जा रही थी....।

यह भी कितना अजीब संयोग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने पाकिस्तान को उसे जमीं से सख्त चेतावनी दी, जो कभी पाकिस्तान के कब्जे में जाने वाली थी, यदि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व तब के गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल हस्तक्षेप नहीं करते तो आज भारत की दो पूर्व रियासतें भोपाल व हैदराबाद पाकिस्तान का हिस्सा होती, यह अजीब किस्सा हैं, आजादी के बाद हुए रियासतों के विलीनीकरण के उस समय हिंदुस्तान के दोनों शहर भोपाल और हैदराबाद मुस्लिम बहूसंख्यक प्रधान शहर हुआ करते थे। इसलिए इन दोनों रियासतों के तत्कालीन नवाबों ने दोनों शहरों को पाकिस्तान में संविलियन करने का प्रस्ताव पंडित नेहरू के सामने रखा था। किंतु सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को अमान्य कर दोनों शहरों को संबंधित प्रदेशों की राजधानी बनाने का फैसला ले लिया और भोपाल व हैदराबाद के राजधानी बन जाने के बाद, यह शहर मुस्लिम जनसंख्या प्रधान नहीं रह सके और यह पाकिस्तान में जाने से बच गए यह दिलचस्प किया यद्यपि 75 साल पुराना है, किंतु इसी जमीं से पाक को दी गई चेतावनी के बाद यह स्मृति पटल पर अवतरित हो गया।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1956 में मध्य प्रदेश के जन्म के समय इस प्रदेश की राजधानी को लेकर भी भारी कशमकश हुई थी, क्योंकि इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर व उज्जैन के नेतागण अपने गृह शहर को प्रदेश की राजधानी बनवाना चाहते थे, किंतु पंडित नेहरू वही विगत किस्सा फिर याद आ गया और उन्होंने भोपाल को राजधानी घोषित कर इस क्षेत्र को मुस्लिम प्रधान होने से एक बार फिर बचा लिया।

विगत दिवस महिलाओं के महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने इसी जमीन से पाकिस्तान को गोली का जवाब गोले से देने की चेतावनी दी तब 75 साल पुरानी में घटना याद आना स्वाभाविक था। शायद इस क्षेत्र की नई युवा पीढ़ी को इस घटना की जानकारी न हो, इसलिए आज मुझे इस घटना का विस्तार से उल्लेख करना पड़ा।

पंडित नेहरू की कल्पना के अनुरूप देश के यह दोनों महत्वपूर्ण शहर राजधानियां बन जाने के बाद अब मुस्लिम प्रधान नहीं रहे, यहां गैर मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों का बाहुल्य हो गया और अब यह दोनों राजधानियां अमन चैन की जिंदगी जी रही है। ....और फिर अजीब संयोग यह भी की पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री के मौजूदा कट्टर आलोचक वर्तमान प्रधान मंत्री जी ने इसी जमीं पर आकर पाकिस्तान को चेतावनी पूर्ण संदेश दिया।

भलाई का भाव होता है यज्ञ

एक भाव होता है मेरा दूसरा है मेरे लिए और तीसरा है सबके लिए। मेरा में इंसान केवल अपने बारे में ही सोचता रहता है और ये पक्का कर लेता है कि मेरे पास जो है, वो केवल मेरा है, मैंने कमाया है, मुझे मिला है और इस पर केवल मेरा ही अधिकार है। यह सोच अज्ञानी लोगों की होती है, जो हमारे अहंकार को बनाये रखती है। मेरे लिए अर्थात इंसान सोचता है कि जो भी मेरे पास है, ये मेरा नहीं बल्कि मेरे लिए है। इसका स्वामी मैं नहीं बल्कि ये सब मुझे इस्तेमाल करने के लिए मिला है। वो इसी भाव को मन में रखता है। यह सोच मध्यम दर्जे के लोगों की होती हैं।

तीसरा भाव है सबके लिए मतलब जो मेरे पास है, वो मेरा ही नहीं और मेरे लिए नहीं, बल्कि सबके लिए है। यह विचार उत्तम दर्जे के इंसानों का होता हैं। इसी को यज्ञ कहा जाता है। जब मन में सबकी भलाई का भाव हो वही यज्ञ है। जो सबका ध्यान रखकर बाद में अपना सोचता है वही श्रेष्ठ इंसान है। इस तरह का यज्ञ अहंकार को गला देता है। ऐसी भावना के साथ साधना करने वाला ब्रह्म को पा लेता है। जो मनुष्य केवल मेरा-मेरा में ही फंसा रहता है, वो ना तो इस जन्म में सुख पाता न ही मरने के बाद परलोक में।

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि नवमी, बुधवासरे, उ.फा. नक्षत्रे, सिद्ध योगे, तैतिल करणे, कन्या की चंद्रमा, रवि योग, समस्त रोग स्नान मुर्हूत 5 घंटा मिनट पुनः दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक दार्शनिक, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, वाक पटु तथा नीत निपुण, शिक्षक, लेक्चरार, अधिवक्ता, नेता-अभिनेता, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, विधायक, राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री होगा।

मेष राशि :- हर्ष, यात्रा, सुख-सफलता, हानि, गृह-कलह, मानसिक अशांति कारक हो।

वृष राशि :- विरोध, व्यय, कष्ट, अशांति, लाभ होगा, शिक्षा-लेखन कार्य में सफलता मिले।

मिथुन राशि :- व्यापार में क्षति, यात्रा, विवाद, उद्योग-व्यापार की स्थिति में कमी, हानि होगी।

कर्क राशि :- शरीरादि मध्यम, भूमि व राजलाभ, असफलता का दिन सबित होगा।

सिंह राशि :- वाहन आदि भय, कष्ट, राजसुख, यात्रा होगी, शुभ कार्य में व्यावधान होगा।

कन्या राशि :- व्यय, प्रवास, विरोध, भूमि लाभ होगा, राजकार्य में व्यावधान, लाभ होगा।

तुला राशि :- रोगभय, मातृ-सुख, खर्च, यात्रा, व्यापार में सुधार हो सकता है, कार्य होगा।

वृश्चिक राशि :- कार्यसिद्ध, लाभ, विरोध, भूमि लाभ होगा, राजकार्य में व्यस्तता रहेगी।

धनु राशि :- लाभ, धर्म रुचि, यश, हर्ष, यात्रा, समय शिक्षा जगत की ख्याति सामान्य रहेगी।

मकर राशि :- विरोध, व्यापार में हानि, शरीर कष्ट, अधिक खर्च करने से कुछ कार्य होवेंगे।

कुंभ राशि :- व्यय, प्रभाव, लाभ, प्रतिष्ठा, रोगभय, विरोधी असफल अवश्य होंगे।

मीन राशि :- राजभय, यश लाभ, मान, चोटभय, राजकार्य में विलम्ब, परेशानी बढ़ेगी।

घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति

पहलगाम में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों ख़ासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औक़ात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल ज़रूर उठाये जा रहे हैं। ख़ासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं।उधर भारत की तरफ़ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य ज़िम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुनः शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ख़ास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस रूद्म1 फ़ाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फ़रवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस रूद्म2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल ने रक्षा ख़रीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का ज़िक्र किया और साफ़ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज़ आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ रूष्ट्र फ़ाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तख़त करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि - मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ़ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेज़ी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर ज़ोर दे रही है।

दूसरी तरफ़ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फ़ायदे गिनाने में लगी है। परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिये चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71त्न पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हज़ार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थायी समिति को दी गयी जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज़्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद ख़ाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गयी थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25त्न अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थायी रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपये और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किये जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर ज़ोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थायी सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य ज़रूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यह स्थायी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्येक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80त्न की कमी देखी गई।

फिल्म वर्ग पहेली- 6863



बायें से दायें:-

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6862

क्रि	मि	न	ल		प	र	व	रि	श
श		ती		डो	र		र		मा
	अ	जा	म		दे	व	दा	स	
का	श		ह	व	स		न	म	क
ला		ला	ल	च		अ		झो	
पा	य	ल		न	सी	म		ता	ल
नी		कि	ला		आ	ला	प		ड़
	त	ला	श		ई		रि	हा	ई
तु	म			मं	डी		णी		
	ना		रा	जू		गी	ता	बा	ली

Jagrutidaur.com, Bangalore

भारत के खिलाफ जहर उगने वाला जैश कमांडर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इस्लामाबाद। आतंकी गुट जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मौलाना अब्दुल अजीज ईसर की कथित तौर पर मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जैश आतंकी अजीज को सोमवार को पाकिस्तान के बहावलपुर में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया गया। जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट ने अजीज की मौत की बात कही गई है। अजीज को उसके पैतृक गांव में दफनाया जाएगा। अजीज की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी नहीं लग सकी है।

पेरिस के म्यूजियम से मैक्रों की मोम की प्रतिमा चोरी? ग्रीनपीस संगठन पर इल्जाम

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मोम की प्रतिमा सोमवार को पेरिस के एक मशहूर वैक्स म्यूजियम से चोरी हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना के पीछे पर्यावरण संगठन ग्रीनपीस के कार्यकर्ताओं का हाथ बताया जा रहा है। मैक्रों की यह मोम प्रतिमा 2018 में ग्रेविन म्यूजियम में लगाई गई थी और यह फ्रांस के इस ऐतिहासिक म्यूजियम में प्रमुख राजनीतिक आकर्षण रही है।

पाकिस्तान में पानी के लिए तरस रहे किसान, देश के कई डैम सूखने की कगार पर

करांची। पाकिस्तान में इन दिनों भीषण जल संकट है। पाकिस्तान में फसल की बुवाई का सीजन है। बीते दिनों भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के बाद स्थिति और खराब हो गई है और पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। देश के कई बड़े डैम सूखने की कगार पर हैं। बता दें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया था।

पाकिस्तान में बैठे आतंकी का दावा कहा- रैली में अमेरिका का मोस्ट वांटेड आतंकी

इस्लामाबाद। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के पाकिस्तान में आतंक और सियासत अब एक ही मंच पर आ गए हैं। लश्कर-ए-तैयबा के टॉप आतंकियों ने एक बार फिर भारत और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ जहर उगला है। सबसे चौंकाने वाली बात ये रही कि इस रैली में अमेरिका का मोस्ट वांटेड आतंकी तल्हा सईद भी नजर आया। 28 मई को पाकिस्तान के कसूर शहर में एक रैली हुई। इस रैली की मेजबानी पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग ने की। यह पार्टी लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक चेहरा मानी जाती है।

इज़्ज़ अल-दीन अल-हद्दाद ने संभाली हमास की कमान, इजराइल ने रखा है इनाम

गाजा। मोहम्मद सिनवार और याह्या सिनवार की मौत के बाद अब हमास की कमान इज़्ज़ अल-दीन अल-हद्दाद के हाथों में आ गई है। उनको अब गाजा में हमास का सैन्य नेता माना जा रहा है। अल-हद्दाद को 'अबू सुहैब' और 'अल-कस्साम ब्रिगेड का भूत' के नाम से जाना जाता है। अल-हद्दाद खुफिया और सैन्य अभियानों के अनुभवी रणनीतिकार माने जाते हैं।

राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेश में भी हो सकता है तख्तापलट

-यूनुस के खिलाफ देश में हो रहे विरोध प्रदर्शन, सेना की भूमिका से बढ़ी चिंताएं

ढाका। 1971 में पाकिस्तान से आजाद हुआ बांग्लादेश आज फिर उसी दिशा की ओर बढ़ रहा है, जहां से उसने कभी अलगाव चुना था। 2024 के अगस्त में भड़के छात्र आंदोलनों से शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल ने पीएम शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया और इसके बाद सैन्य हस्तक्षेप ने बांग्लादेश की सत्ता व्यवस्था को हिला कर रख दिया। संकट की यह घड़ी तब आई जब सेनाध्यक्ष जनरल वाकर-उज-जमान ने सेना को शेख हसीना के कर्फ्यू आदेश न मानने के निर्देश दिए। इसके बाद सेना के समर्थन से एक अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली।

एक रिपोर्ट में राजनीतिक विश्लेषकों से हवाले से बताया गया है कि यह घटनाक्रम 1999 में पाकिस्तान में हुए तख्तापलट से मेल खाता है। उस समय जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ की चुनी हुई सरकार को बेदखल कर दिया था। दोनों देशों में राजनीतिक अस्थिरता के समय सेना ने सत्ता अपने हाथ में ली थी। लोकतांत्रिक सरकारों को हटाकर सेना समर्थित अस्थायी सरकारों का गठन किया गया। यूनुस सरकार के खिलाफ देश में सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। सेना की राजनीति में बढ़ती भूमिका को लेकर लोग चिंतित हैं कि लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर हो रही हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े हैं, जो धार्मिक असहिष्णुता और कट्टरता की ओर इशारा करते हैं। यह स्थिति 1971 के पहले के पाकिस्तान जैसी लग रही है, जिससे बांग्लादेश ने खुद को आजाद किया था।2024 में पहली बार पाकिस्तान के करांची से एक कार्गो जहाज बांग्लादेश के चट्टोग्राम बंदरगाह पहुंचा। यह कदम दोनों देशों के बीच नए व्यापारिक रिश्तों की शुरुआत के रूप में देखा गया। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों और स्थानीय पर्यवेक्षकों ने कहा कि यदि बांग्लादेश ने जल्द चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक शासन की वापसी नहीं की तो देश दीर्घकालिक सैन्य नियंत्रण में फंस सकता है। कुल मिलाकर बांग्लादेश के लिए यह एक नाजुक दौर है। जिस देश ने पाकिस्तान के सैन्य जुल्म से मुक्ति पाई थी, वही आज उसी रास्ते पर जाता नजर आ रहा है।

एफपीवी ड्रोन जिससे यूक्रेन ने रूस को दिया बड़ा झटका? जेलेंस्की ने बताई पूरी प्लानिंग

कीव। यूक्रेन ने ड्रोन हमले के जरिए रूस के एयरबेस पर बड़ा अटैक कर दिया, जिससे रूस के कम से कम 40 सैन्य विमान तबाह हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि हमले की प्लानिंग करीब 18 महीने से चल रही थी। यूक्रेन ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन स्पाइडर वेब का नाम दिया और जंग के बीच इसे रूस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हमले की प्लानिंग को लेकर जेलेंस्की ने खुद डिटेल जानकारी दी। जेलेंस्की ने बताया कि 117 ड्रोन की मदद से सिर्फ सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया। इसके बाद हमले के लिए इस्तेमाल किए गए फर्स्ट-पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन चर्चा में आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक एफपीवी ड्रोन को पहले एक बड़े ट्रक के जरिए रूस भिजवाया गया। फिर इसी ट्रक के कंटेनर से ड्रोन बाहर आए और एयरबेस पर खड़े विमानों को निशाना बनाया।

एफपीवी ड्रोन आधुनिक जंग में बड़ा अहम रोल निभा रहे हैं। यहां नाम के अनुरूप फर्स्ट-पर्सन व्यू का मतलब है कि ड्रोन चलाने वाला व्यक्ति ड्रोन के ऊपरी हिस्से पर लगे कैमरे के जरिए देख सकता है कि ड्रोन का निशाना कहां है। इस लाइव फुटेज को किसी भी स्मार्टफोन या दूसरे गैजेट के जरिए आसानी से देखा जा सकता है और यही एफपीवी ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत है।

साधारण ड्रोन में सबसे बड़ी चुनौती इसे माना जाता है कि ड्रोन ऑपरेटर अपने ड्रोन की गतिविधि को नहीं देख पाता है। ड्रोन अनियंत्रित होकर अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। ऐसे में एफपीवी ड्रोन बेहद काम आ सकते हैं। इसे ना सिर्फ दूर से नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि रियल टाइम टारगेट पर नजर रखी जा सकती है, जिससे निशाना चूकने के चांस बेहद कम हो जाते हैं।

मात्र 42 हजार का था एफपीवी ड्रोन

एफपीवी ड्रोन रूस के एयरबेस के पास लकड़ी के घरों में रखे गए थे। हालांकि रूस को इसकी भनक तक नहीं लगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस ड्रोन की रेंज बेहद कम होती है, लेकिन निशाना उतना ही सटीक होता है। इसे ट्रैक करना भी बेहद मुश्किल होता है। इन सब से अधिक एफपीवी ड्रोन की डिमांड इसीलिए बढ़ी है, क्योंकि यह बेहद किफायती होते हैं।

ऊषा वेंस ने कहा- पीएम मोदी का स्नेह नहीं भुला पा रहे बच्चे, बार-बार करते हैं याद

वाशिंगटन। अप्रैल माह में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सपरिवार भारत आए थे। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी से भी वेंस परिवार की मुलाकात हुई थी। उन्होंने बच्चों को तोहफा दिया और उन्हे गले लगा लिया। पीएम मोदी का स्नेह और दुलार बच्चे भुला नहीं पा रहे हैं। यह बात उपराष्ट्रपति भेंस की पत्नी ऊषा वेंस ने बताई। वाशिंगटन डीसी में यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम में बातचीत के दौरान ऊषा ने कहा कि उनके बच्चों ने पीएम मोदी को देखते ही उन्हें दादाजी कैटेगरी में रख दिया और उनसे गहरा लगाव महसूस किया।

उषा वेंस का जन्म अमेरिका में हुआ है लेकिन उनका पारिवारिक मूल आंध्र प्रदेश से है। वे येल लॉ स्कूल से स्नातक हैं और एक प्रतिष्ठित वकील हैं। वे तेलुगु भाषा में दक्ष हैं और भारतीय संस्कृति से गहरे जुड़े हुए हैं। कंजर्वेटिव कानूनी जगत में वे एक प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकी महिला मानी जाती हैं और जेडी वांस के जीवन में व्यक्तिगत और आध्यात्मिक रूप से भी उनकी अहम भूमिका रही है। उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस का यह भारत दौरा उनके पद ग्रहण करने के बाद पहला आधिकारिक दौरा था। भारत दौरे के अनुभव साझा करते हुए उषा ने कहा कि एक खास कार्यक्रम में उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों से आए कठपुतली कलाकारों का शो देखने को मिला, जिसमें आंध्र प्रदेश की झलक भी थी। ऊषा का परिवार भी आंध्र से ही ताल्लुक रखता है। उन्होंने कहा, रामायण के अंश, जानवरों की मजाकिया प्रस्तुतियां और पूरे देश की सांस्कृतिक विविधता का प्रतिनिधित्व इस शो में देखने को मिला। मेरे बच्चों को यह इतना पसंद आया कि वे अब घर पर उसे रंगीन कागजों से दोहराने की कोशिश कर रहे हैं।

शशि थरूर ने ब्राजील में उपराष्ट्रपति से की मुलाकात- आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता पर दिया जोर

ब्रासीलिया। विभिन्न देशों का दौरा कर दुनिया के सामने पाकिस्तान की करतूतों को उजागर कर रहे भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन से मुलाकात की। इस दौरान उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की ब्राजील यात्रा को लेकर खुशी जाहिर की।

ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कामिन ने कहा, भारतीय विदेशी मामलों में संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर और सांसदों व भारत के ब्राजील राजदूत का स्वागत करना हमारे लिए सम्मान और खुशी की बात है। हम खुश और सम्मानित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि ब्राजील एक मित्र देश और भारत का एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक साझेदार है। हम हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं। ब्राजील हमेशा शांति और समझ को बढ़ावा देता है और हम भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, यह यात्रा अब तक बहुत अच्छी रही है और हम चारों देशों में हुई बैठकों की गुणवत्ता से बहुत संतुष्ट हैं। आज ब्रासीलिया में हमने राष्ट्रपति के वरिष्ठ कूटनीतिक सलाहकार से मुलाकात की, जो पहले विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और संयुक्त राष्ट्र में राजदूत रह चुके हैं। हमारी बातचीत में हमारी स्थिति को पूरी तरह समझा गया। हमारी सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष के साथ भी शानदार बैठक हुई। वे भारत-ब्राजील मैत्री समूह के अध्यक्ष भी हैं और हमारे विचारों और स्पष्टीकरण के प्रति बहुत सहायक और ग्रहणशील थे।

इंग्लैंड की धरती पर किया भारत की संपदा लूटने का जिक्र, पाकिस्तान की लगाई क्लास

लंदन। भाजपा के सांसद समिक भट्टाचार्य ने बिना नाम लिए इंग्लैंड के भारत पर राज करने और यहां की संपदा को लूटने का भी जिक्र कर डाला। उन्होंने भारत की बात को मुखरता से रखते हुए कहा, ÷भारत गरीब नहीं है। कई लोगों ने हमें लूटकर अपने भव्य महल खड़े कर लिए हैं।

बता दें कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने ध्वस्त करने के बाद इस वक्त दुनियाभर में भारत के ऑल पार्टी डेलिगेशन पड़ोसी मुल्क के झूठ की पोल खोल रहे हैं। इसी कड़ी में लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में भट्टाचार्य ने ब्रिटिश धरती पर खड़े होकर कहा कि भारत ने इतिहास में कभी किसी देश को लूटा नहीं, न ही आक्रामकता दिखाई।

भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा, बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली, सब यही जानना चाहते हैं कि आने वाले दिन में आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारत का रुख क्या रहेगा। हमने अपना स्टैंड भी सामने रखा है। सभी फंड जो पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा मिल रहा है, उस फंड का उपयोग कैसे किया जा रहा है?। हमने अपनी बात रखी है और उनका मानना ??है कि किसी भी परिस्थिति में इस तरह की आतंकी गतिविधियों को रोका जाना चाहिए और हमारी मांग है कि पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए। इसके उलट जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से जूझ रही थी, तब भारत ने अपनी विशाल जनसंख्या के बावजूद न केवल खुद की रक्षा की बल्कि कई देशों को वैक्सीन पर उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि भारत अब वो देश नहीं है जिसे गरीब या पिछड़ा कहकर नजरअंदाज किया जाए।

यूएस संसद में भारत का गुणगान- महात्मा गांधी के बाद पीएम मोदी को बताया सबसे महान नेता

वॉशिंगटन। दुनिया के कई देश भारत की तारीफ कर चुके हैं। यहां आयोजित अमेरिका भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधियों ने जिस तरह से भारत की तारीफ की, उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि व्यापार के मामले में भारत और अमेरिका एक अच्छी साझेदारी निभाने वाले हैं। यहां मौजूद अमेरिकी सांसद और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष रिच मैककॉर्मिक ने दिल खोलकर भारत और पीएम मोदी की तारीफ की।अमेरिकी सांसद रिच मैककॉर्मिक ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ में कहा है कि वे भारत के सबसे प्रभावशाली राजनेता हैं। वे शायद भारत में महात्मा गांधी के बाद सबसे महान नेता हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम बेहद विनम्र हैं और जो लोग उन्हें प्रधानमंत्री बनने से पहले जानते थे, वे बताते हैं कि मोदी उनके घर आने पर फर्श पर सोते थे।उन्होंने पीएम मोदी को जननेता बताते हुए कहा ङ्क वे आक्रामक और राष्ट्रवादी प्रतीत हो सकते हैं, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था को विकसित करने का वैश्विक दृष्टिकोण अच्छी तरह समझ है।आने वाला समय भारत का है ।

एआई का दुष्परिणाम- खुद की न्यूड फोटो लेकर संसद पहुंचीं महिला सांसद

वैलिग्टन। एआई कब किसकी जिंदगी में मुसीबत खड़ी कर दे कोई नहीं जानता। एक सांसद खुद इसे भुगत रहीं हैं। न्यूजीलैंड में एक महिला सांसद के फैसले की चर्चा हो रही है। खबर है कि वह एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से तैयार की गई खुद की फेक न्यूड फोटो लेकर संसद पहुंची थीं।

दरअसल, वह दिखाना चाहती थीं कि किसी की झूठी तस्वीर तैयार करना कितना आसान है और यह कितना नुकसान पहुंचा सकता है। वह इस संबंध में कानून बनाने की मांग कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीटी पार्टी की सासंद लॉरा मैक्ल्योर खुद की एक तस्वीर लेकर पहुंची थीं। उन्होंने कहा, यह मेरी नग्न तस्वीर है, लेकिन यह असली नहीं है। उन्होंने कहा, खुद की डीपफेक बनाने में मुझे 5 मिनट से भी कम समय लगा है। उन्होंने संसद में खुलकर अपनी तस्वीर दिखाई और विरोध दर्ज कराया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा मैं संसद के अन्य सदस्यों का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती थी कि ऐसा करना कितना आसान है और इसकी वजह से कितना नुकसान हो रहा है। खासतौर से हमारे युवा किवी कितने प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, तकनीक परेशानी नहीं है, बल्कि परेशानी है कि इसका गलत इस्तेमाल लोगों को प्रताड़ित करने के लिए हो रहा है। हमें इसके लिए कानून बनाने होंगे।वह डीपफेक डिजिटल हार्म एंड एक्सप्लॉइटेशन बिल का समर्थन कर रही हैं। खबर है कि रिवेंज पोर्न और निजी पलों की रिकॉर्डिंग के संबंध में पहले से बने कानूनों में संशोधन करेगा और बगैर सहमति के डीपफेक बनाने और शेयर करने को अपराध बनाएगा। इसके अलावा इस कानून के तहत पीड़ितों को कंटेट हटवाने और न्याय पाने का भी रास्ता साफ हो जाएगा।

पाकिस्तान में कैदियों ने कर दी बगावत- जेल तोड़कर भागे और बाहर कर दी फायरिंग?

कराची। पाकिस्तान के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां लगातार सरकार के खिलाफ लोग खड़े हो रहे हैं। कैदियों ने भी बगावत कर दी है। मलीर जेल में बंद कैदियों ने ही बंदूक उठा ली। सोमवार देर रात जेल में कैदियों और पुलिसकर्मियों के बीच अचानक हिंसक झड़प शुरू हो गई। जानकारी के मुताबिक, कैदियों ने जेल के अंदर हमला करते हुए फरार होने की कोशिश की, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आलम यह था कि आसपास के लोग डर के मारे अपने घरों में बंद हो गए। पाकिस्तानी मीडिया ने सूत्रों के हवाले से बताया, कैदियों ने अचानक जेल पुलिस पर हमला बोल दिया और जेल का प्रवेश द्वार तोड़कर बड़ी संख्या में बाहर भागने लगे। हालात को नियंत्रण में लाने के लिए जेल पुलिस ने भारी हवाई फायरिंग की। पुलिस की इस कार्रवाई के बावजूद दर्जनों कैदियों के फरार होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आधिकारिक रूप से कोई आंकड़ा अब तक सामने नहीं आया है। पुलिस ने अब तक 20 से अधिक फरार कैदियों को दोबारा पकड़ने में सफलता हासिल की है।

वहीं, एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल अवस्था में जेल परिसर से बरामद किया गया है। जेल के भीतर और आसपास से लगातार हो रही गोलीबारी की आवाजों से पास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गोलीबारी इतनी भीषण थी कि लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर पाए। जेल से सटी नेशनल हाइवे को सुरक्षा कारणों से दोनों ओर से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। पुलिस और रेंजर्स ने इलाके को सील कर दिया है ताकि कोई और कैदी फरार न हो सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौके पर बड़ी संख्या में रेंजर्स और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

परमाणु हथियार को लेकर ईरान झुकने को तैयार नहीं, अमेरिका का प्रस्ताव किया खारिज

दुबई। ईरान के एक राजनयिक ने कहा कि ईरान दशकों से चले आ रहे परमाणु विवाद को समाप्त करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव को खारिज करने के लिए तैयार है। उन्होंने इसे ÷गैर-शुरुआती÷ कदम बताया, जो तेहरान के हितों को जाहिर करने में नाकाम रहा है और यूरेनियम इनरीचमेंट पर वॉशिंगटन के रुख को जस का तस छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ राजनयिक ने बताया कि ईरान अमेरिका के प्रस्ताव पर नकारात्मक प्रतिक्रिया का मसौदा तैयार कर रहा है, जिसे अमेरिका के प्रस्ताव को अस्वीकार करने के रूप में समझा जा सकता है।

ओमान के विदेश मंत्री ने शनिवार को कहा था कि ईरान के सामने नए परमाणु समझौते के लिए अमेरिका का प्रस्ताव पेश किया था। वे तेहरान की एक छोटी यात्रा पर थे और तेहरान और वॉशिंगटन के बीच परमाणु वार्ता में मध्यस्थता कर रहे थे, लेकिन परमाणु गतिरोध को हल करने के लिए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्री और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के बीच पांच दौर की वार्ता के बाद भी कई मुद्दे अनसुलझे हैं। तेहरान का कहना है कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करना चाहता है और पश्चिमी शक्तियों द्वारा लगाए गए आरोपों का लंबे समय से खंडन करता रहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित करना चाहता है।

राजनयिक ने कहा कि इस प्रस्ताव में ईरानी धरती पर संवर्धन पर अमेरिकी रुख में कोई बदलाव नहीं है और प्रतिबंधों को हटाने के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं है। तेहरान अमेरिका द्वारा लगाए गए सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने की मांग करता है।

नूर खान एयरबेस पर अमेरिका का है कंट्रोल? बिना इजाजत पाक अफसर भी नहीं जा सकते

पाकिस्तानी पत्रकार और डिफेंस विशेषज्ञ ने किया दावा, लोग उठा रहे सवाल

रावलपिंडी। क्या पाकिस्तान का नूर खान एयरबेस अमेरिका की कस्टडी में है? क्या अमेरिका एयरबेस की मदद से इस रीजन में अपनी पकड़ को फिर से मजबूत कर रहा है? यह दावा पाकिस्तानी पत्रकार और डिफेंस विशेषज्ञ ने किया है कि रावलपिंडी में स्थित नूर खान एयरबेस पर अमेरिका का नियंत्रण है और पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को भी इस बेस पर जाने की इजाजत नहीं है। यह दावा इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

एक इंटरव्यू के दौरान पाक विशेषज्ञ ने कहा कि नूर खान एयरबेस पाकिस्तान वायुसेना का एक अहम केंद्र है, लेकिन अब ये अमेरिकी सेना के अधीन है इस बेस पर बार-बार अमेरिकी विमानों को देखा गया, लेकिन उनके कार्गो की जानकारी पारदर्शी नहीं है। यह बेस बेनजीर भुट्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और पीएएफ कॉलेज चकलाला का हिस्सा है। नूर खान एयरबेस रावलपिंडी में पाकिस्तान के सैन्य मुख्यालय के पास स्थित है और इसे पाकिस्तान की हवाई गतिविधियों का केंद्र माना जाता है।

विशेषज्ञ ने अपने बयान में संकेत दिया कि अमेरिकी सेना की मौजूदगी के कारण पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को इस बेस के संचालन में कोई भूमिका नहीं दी जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बेस पर होने वाली गतिविधियों की जानकारी को गुप्त रखा जा रहा है, जिससे संदेह और बढ़ता है। एक्स पर कई यूजर्स ने इस दावे को साझा करते हुए सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान का कोई हिस्सा अब पूरी तरह उसके खुद के नियंत्रण में है, क्योंकि सीपीईसी मार्गों और बंदरगाहों पर चीन का प्रभाव पहले से ही चर्चा में है। यह दावा ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के तनावों ने क्षेत्रीय सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं।

हाउसफुल 5 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

मुंबई- अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 जल्द ही 6 जून को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए 16+ सर्टिफिकेट प्रदान किया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म सभी उम्र के दर्शक देख सकते हैं, लेकिन 12 साल से कम उम्र के बच्चों को किसी बड़े के साथ फिल्म देखनी होगी। सेंसर बोर्ड ने फिल्म में कुल 11 सेकेंड की फुटेज कट करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कुछ शब्दों में भी बदलाव किया गया है। फिल्म के मेकर्स ने सेंसर बोर्ड की मांगों को मानते हुए ये कट्स किए, जिसके बाद उन्हें सर्टिफिकेट मिला। हाउसफुल 5 के दो वर्जन भी रिलीज होंगे, लेकिन दोनों का रन टाइम लगभग समान है, जो लगभग 2 घंटे 45 मिनट और 48 सेकेंड है। इस कॉमेडी फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख, जैकलीन फर्नांडिस, चित्रांगदा सिंह, नाना पाटेकर, चंकी पांडे जैसे कई बड़े सितारे नजर आएंगे। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है जबकि निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है।

कन्नड़ भाषा विवाद पर कमल हासन का जवाब

फेमस साउथ स्टार कमल हासन इन दिनों कन्नड़ भाषा को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। हाल ही में अपनी फिल्म च्ठग लाइफज् के लॉन्च इवेंट में उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से ही उत्पन्न हुई है। उनके इस बयान ने कन्नड़ समुदाय में काफी नाराजगी पैदा कर दी है। कर्नाटक के लोगों ने उन्हें माफी मांगने की चेतावनी दी और कहा कि यदि उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उनकी फिल्म को कर्नाटक में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। इस विवाद के बीच कमल हासन ने अब अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा है कि उनका बयान गलत तरीके से समझा गया है और उनका मकसद किसी की भावनाओं को आहत करना नहीं था। उन्होंने कन्नड़ भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए कहा कि वे दोनों भाषाओं के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को ही उजागर करना चाहते थे। कमल हासन ने इस विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने की इच्छा जताई है ताकि उनकी फिल्म को सभी जगह बिना किसी रुकावट के रिलीज किया जा सके।

मिलिंद गाबा और प्रिया ने शेयर की खुशखबरी

सिंगर मिलिंद गाबा और उनकी पत्नी, इन्फ्लूएंसर प्रिया बेनीवाल ने जुड़वां बच्चों के माता-पिता बनकर अपनी जिंदगी का नया अध्याय शुरू कर दिया है। इस खुशखबरी को मिलिंद ने इंस्टाग्राम पर बेहद खास अंदाज में फैंस के साथ शेयर किया। उन्होंने एक पोस्टर साझा किया है जिसमें दो बेबी को दिखाया गया है, एक ब्लू और दूसरा पिंक कपड़े पहने हुए। पोस्टर पर लिखा था, गाबा की स्टोरी में ट्विस्ट नहीं, ट्विन्स हैं। इससे पता चलता है कि प्रिया ने एक बेटी और एक बेटे को जन्म दिया है। मिलिंद ने इस पोस्ट के साथ लिखा, अपने लिए कभी कुछ नहीं मांगा तुझसे, अब अपने लिए और क्या ही मांग लूंगा। हमें दो चमत्कारों से धन्य हैं। ट्विन्स हैं। जय माता दी। इस पोस्ट पर फैंस ने मिलिंद और प्रिया को दिल से बधाई दी है और उनकी खुशी में शामिल हुए हैं। मिलिंद और प्रिया ने 16 अप्रैल 2022 को शादी की थी। फरवरी में ही उन्होंने बेबी आने की खुशखबरी एक प्यारे वीडियो के जरिए फैंस को दी थी, जिसमें मिलिंद ने बेबी कार सीट दिखाकर पेरेंट बनने का संकेत दिया था। अब ये कपल जुड़वां बच्चों के साथ अपनी नई जिंदगी का आनंद ले रहा है।

जावेद अख्तर ने कंगना मामले में तोड़ी चुप्पी

गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने कंगना रनौत के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई और उनकी माफी को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। यह विवाद 2020 में शुरू हुआ था, जब कंगना ने एक इंटरव्यू में जावेद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 2025 में कंगना ने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी थी, जिसे अब जावेद ने स्वीकार किया है और कहा कि इस कदम से मामला खत्म हो चुका है। जावेद ने बताया कि अदालत में दोनों मिले थे, जहां कंगना ने माफी पत्र पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी माफी के बदले पैसे नहीं मांगे, न तो बड़े पैमाने पर और न ही छोटे। केवल माफी मांगी गई थी, जो मिल गई। कोर्ट के बाद हुई बातचीत में कंगना ने कहा कि वह जावेद के लिए अपनी अगली फिल्म में गाने चाहती हैं, जिस पर जावेद ने हामी भरी। जावेद अख्तर ने कहा कि कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है और कंगना ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। उन्होंने बताया कि अगर भविष्य में कंगना से मुलाकात हुई तो वह उनका गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। इस तरह इस विवाद का अंत हो चुका है।

दैनिक पंचांग

4 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृष में	मिथुन	06.01 बजे से
चंद्र	सिंह में	कर्क	08.15 बजे से
मंगल	कर्क में	सिंह	10.31 बजे से
बुध	वृष में	कन्या	12.43 बजे से
गुरु	मिथुन में	तुला	14.54 बजे से
शुक्र	मेष में	वृश्चिक	17.08 ब.से
शनि	मीन में	धनु	19.24 बजे से
राहु	कुंभ में	मकर	21.29 बजे से
केतु	सिंह में	कुंभ	23.16 बजे से
राहुकाल		मीन	00.49 बजे से
12.00 से 1.30		मेष	02.19 बजे से
बजे तक		वृष	03.59 बजे से

बुधवार 2025 वर्ष का 155 वा दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2082 **शक संवत्** 1947
मास ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
तिथि नवमी 23.55 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी 03.36 बजे रात्र को समाप्त।
योग वज्र 08.29 बजे को समाप्त।
करण बालव 10.52 बजे तदनन्तर कौलव 23.55 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 07.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 22° 26'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872365
जूलियन दिन 2460830.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना जिल्हेज **तारीख** 07
विशेष महेश नवमी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आईएसए ने जारी की टॉप 100 स्ट्रीमिंग और डिजिटल पावर की लिस्ट

इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी (आईएसए) की लिस्ट में बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। हाल ही में आईएसए ने 2025 की टॉप 100 स्ट्रीमिंग और डिजिटल पावर लिस्ट जारी की है। अभिषेक ने हाल के वर्षों में च्युवाज्, च्लूडोज्, च्बॉब बिस्वासज्, च्घूमरज् और च्मनमर्जियांज् जैसी यादगार फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता है। उनकी फिल्म च्दसवींज् नेटफ्लिक्स पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर चुकी है, वहीं च्बी हैप्पीज् अमेज़न प्राइम वीडियो पर टॉप स्थान पर रही। उनकी हालिया फिल्म च्आई वांट टू टॉकज् ने आलोचकों की खूब प्रशंसा पाई और कई पुरस्कार भी दिलाए। साथ ही, जल्द रिलीज होने वाली च्हाउसफुल 5ज् के साथ अभिषेक की सफलता की कहानी लगातार आगे बढ़ रही है। इस पावर लिस्ट में अभिषेक के बाद अदिति राव हैदरी और आदित्य रॉय कपूर को भी उनकी डिजिटल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। चौथे नंबर पर यूट्यूब के मशहूर क्रिएटर अजय नागर उर्फ कैरीमिनाटी हैं, जो इस लिस्ट में सबसे उच्च रैंक वाले गैर-अभिनेता कलाकार हैं। इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी के संस्थापक विष्णु इंदुरी ने कहा, च्भारत का डिजिटल स्टोरीटेलिंग क्षेत्र आज अपने सबसे रोमांचक दौर में है। देश भर से नए क्रिएटर्स उभर रहे हैं, जो सीमाओं को पार कर अपनी कहानियां प्रस्तुत कर रहे हैं। यह पावर लिस्ट उन क्रिएटिव दिमागों का जश्न है जो मनोरंजन के भविष्य को आकार दे रहे हैं।ज्ज् सह-संस्थापक राज नायक ने कहा, च्आज स्ट्रीमिंग ने कहानी कहने को लोकतांत्रिक बना दिया है। छोटे शहर के विचार भी अब वैश्विक दर्शकों तक पहुंच रहे हैं। यह लिस्ट उन लोगों को सम्मानित करती है जो डिजिटल युग में नए ट्रेंड बनाते हैं, न कि केवल उनके पीछे चलते हैं।ज्ज् इस तरह, यह सूची भारतीय डिजिटल मनोरंजन की बढ़ती ताकत और उसकी वैश्विक पहचान का प्रतीक बनती जा रही है। बता दें कि आईएसए हर साल भारत के ओटीटी और डिजिटल कंटेंट इंडस्ट्री के सबसे प्रभावशाली और क्रिएटिव चेहरों को सम्मानित करती है। अभिषेक बच्चन ने इस लिस्ट में अपनी मजबूत पकड़ से साबित किया है कि वे डिजिटल दुनिया के सबसे भरोसेमंद और गतिशील कलाकारों में से एक हैं।

मोदी के तीसरे कार्यकाल का जश्न, विकास और देशभक्ति के नाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल है। तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष 26 मई को पूरा हो गया है। सरकार इसका जश्न मना रही है। विकास और ऑपरेशन सिंदूर को प्रमुखता से रखते हुए देशभर में जश्न का माहौल बना हुआ है। गांव-गांव में सिंदूर बांटा जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सबसे ऊपर है। सबसे ज्यादा चर्चा उसी की हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों का दौरा कार्यक्रम बना लिया है। हर राज्य में जाकर वह ऑपरेशन सिंदूर का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मोदी सरकार सेना की सफलता का श्रेय ले रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए,यह कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा का मध्यावती चुनाव करा सकते हैं। मोदी सरकार को बैसाखी के जरिए सरकार चलाने का आईडिया मोदी के पास नहीं है।अतः पूर्ण बहुमत के लिए एक छोटा सा रिस्क तो लिया ही जा सकता है।

दिल्ली में केजरीवाल के लगाए तिरंगो को बदलेगी रेखा गुप्ता की सरकार?

अरविंद केजरीवाल जब दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। तब उन्होंने महानगर के चौराहे-चौराहे पर ऊंचे पोल खड़े कर कर उनमें तिरंगा झंडा लगवाया था। अब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री नहीं है। भाजपा की रेखा गुप्ता नई मुख्यमंत्री बन गई हैं। तिरंगे पुराने हो चुके हैं, उन्हें बदला जाना है। दिल्ली में इस बात की चर्चा आम हो गई है। रेखा गुप्ता तिरंगे झंडे को तिरंगे झंडे के रूप में बदलवाएंगी,या जो झंडा अभियान केजरीवाल ने चलाया था। वह अभियान केजरीवाल के जाते ही खत्म हो जाएगा। झंडा पुराने हो चुके हैं, गंदे हैं। एक तरह से इसे राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जा रहा है।

साल में, प्रधानमंत्री मोदी 11वें नंबर से चौथे नंबर पर

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थव्यवस्था को लेकर कहा है। 11 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी।अब हमारी अर्थव्यवस्था चौथे नंबर पर आ गई है। 11 साल के कार्यकाल में 11वें नंबर से हम चौथे नंबर पर आ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,चौथी अर्थव्यवस्था को लेकर प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। अब इसे संयोग कहें या एक प्रयोग समझे। नीति आयोग के सदस्य अर्थशास्त्री अरविंद विरमानी ने यह कहकर हवा निकाल दी। हम चौथे नंबर पर पहुंचने वाले हैं। इस साल के अंत तक हम चौथे नंबर पर पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंतजार नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने अर्थव्यवस्था का जश्न मनाना शुरू कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के साथ अर्थव्यवस्था का भी डंका पीटा जा रहा है।

कर्नाटक के दो भाजपा विधायक कांग्रेस में शामिल होंगे?

कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी ने अपने 2 विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। यह दोनों विधायक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे। एसटी सोमशेखर तथा ए शिवराम को भाजपा ने 6 साल के लिए निलंबित कर दिया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा की इस कार्रवाई की आलोचना की है। इसके बाद चर्चा होने लगी है। कांग्रेस के विधायक जो भाजपा में गए थे। उन्हें अपनी भूल का एहसास हो गया है। जल्द ही वह कांग्रेस में आ सकते हैं। लौट के बुद्धू घर को ही आते हैं। इसमें नया कुछ भी नहीं है। इन दोनों विधायकों ने पार्टी बदलकर जो पैसे कमाने थे। वह कमा लिए हैं।भाजपा के पास सत्ता भी नहीं है।

माधव मिश्रा का किरदार दिल के बहुत करीब पंकज त्रिपाठी

मुंबई (वार्ता)। चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि क्रिमिनल जस्टिस फ्रेंचाइजी में उनका निभाया माधव मिश्रा का किरदार उनके दिल के बेहद करीब है।पंकज त्रिपाठी एक बार फिर से सीरीज क्रिमिनल जस्टिसः अ फैमिली मैटर में प्यारे वकील माधव मिश्रा की भूमिका में लौटे है। यह सीजन, जिसे रोहन सिप्पी ने निर्देशित किया है और अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से निर्मित किया गया है, 29 मई से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। इस सीजन में मोहम्मद जीशान अयूब, सुरवीन चावला, आशा नेगी, खुशबू ओ, बर्खा सिंह, आत्म प्रकाश मिश्रा के साथ-साथ मीता वशिष्ठ और श्वेता बासु प्रसाद जैसी प्रतिभाशाली कलाकार मुख्य भूमिकाओं में है।

पंकज त्रिपाठी ने कहा,माधव मिश्रा मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि कई मायनों में उसकी यात्रा मेरी अपनी यात्रा से मेल खाती है। हम दोनों बिहार की सादगी से आए, मुंबई बड़े सपनों के साथ पहुंचे, छोटे रोल्स या केसों से शुरुआत की और मेहनत व लगन से अपनी जगह बनाई। यही समानता माधव को निभाना मेरे लिए स्वाभाविक बना देती है, जैसे हर बार उसके किरदार में उतरना मेरी ही कहानी का हिस्सा बन जाता है।

गुरु रंधावा को विदआउट प्रेजुडिस से मिली विशेष पहचान

मुंबई (ईएमएस)। वॉर्नर म्यूज़िक इंडिया के साथ मिलकर गुरु रंधावा ने अपने पहले स्वतंत्र एलबम विदआउट प्रेजुडिस को लॉन्च किया था। इसके बाद ही उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। बीते दिनों उन्होंने अपने फैंस के लिए इस एलबम का दूसरा आधिकारिक म्यूज़िक वीडियो किथे वसदे ने यूट्यूब पर प्रीमियर किया, जो खूब चर्चा में है। इस गाने का निर्देशन हैरी सिंह और प्रीत सिंह ने किया है, जबकि गुरु रंधावा ने इसे अपनी आवाज़ दी है। गीत यंगवीर ने लिखा है और संगीत का काम मंदीप पंघाल ने किया है। एलबम के पहले वीडियो कतल ने भी खूब सफलता पाई है और अब यह ग्लोबल म्यूजिक चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है। यूट्यूब पर इसे अब तक 55 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है, जो इसके बढ़ते लोकप्रियता का प्रमाण है। किथे वसदे ने भी दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाने की पूरी उम्मीद जगा रहा है। गुरु रंधावा की दिल छू लेने वाली आवाज़, भावनात्मक अभिव्यक्ति और आकर्षक अंदाज़ ने इस गाने को जल्द ही चार्टबस्टर बनाने की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। इसके अलावा, विदआउट प्रेजुडिस एलबम के नौ गाने अपनी-अपनी अलग थीम और स्टाइल के साथ श्रोताओं की प्लेलिस्ट में छाए हुए हैं। गुरु रंधावा की गायकी ने हर गीत में एक नया रंग और असर पैदा किया है, जो सुनने वालों को भावुक और उत्साहित दोनों करता है। एलबम की इस बड़ी सफलता के बीच, गुरु रंधावा अपने हालिया सिंगल वाइब की भी लोकप्रियता का आनंद ले रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)
क्रमांक 1977/न.पा.नि./राजस्व/2025-26 रीवा, दिनांक 30/05/2025
अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यवसायिक योजना तानसेन काम्पलेक्स सिरमौर चौराहा रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है. में स्थित दुकान क्रमांक 38 क्षेत्रफल 14.355 वर्गमीटर श्री इन्द्रमान प्रसाद शुक्ला पिता श्री शिव प्रसाद शुक्ला को किराया पर आवंटित है. इनकी मृत्यु पश्चात इस दुकान का नामान्तरण श्री बृजेन्द्र कुमार शुक्ला पिता स्व0 श्री इन्द्रभान शुक्ला निवासी अमहिया रीदा मध्यप्रदेश के नाग किये जाने हेतु दिनाक 21.12.2021 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त दुकान क्रमांक 38 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन / आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 38 का नामान्तरण श्री बृजेन्द्र कुमार शुक्ला पिता स्व0 श्री इन्द्रभान शुक्ला निवासी अमहिया रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।
उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

वृक्षासन से तनाव और चिंता होगी दूर

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अगर आप अपने जीवन से तनाव और चिंता को दूर तथा आत्मविश्वास में वृद्धि करना चाहते हैं तो आपको वृक्षासन अपनाने की जरूरत है। इस योगासन को करने से सिर्फ आप तनाव और चिंता मुक्त नहीं होंगे, बल्कि आपकी दिनचर्या में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। वृक्षासन से आप आत्मविश्वास के साथ किसी भी निर्णय को बिना किसी तनाव के ले सकेंगे।

2018 के एक अध्ययन में पाया गया कि योग तनाव, चिंता और अवसाद के लक्षणों को कम करने में प्रभावी है, क्योंकि यह पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करता है। इस वृक्षासन के लाभों के बारे में विस्तार से समझते हैं। वृक्ष शब्द का अर्थ है पेड़। इस आसन के अभ्यास की अंतिम अवस्था में शारीरिक स्थिति एक पेड़ के आकार की बनती है। इसलिए इस आसन को वृक्षासन का नाम दिया गया है। इसके अलावा, यह आसन पैरों को मजबूती प्रदान करता है एवं संतुलन बनाने में सहायक होता है इस योगासन के नियमित अभ्यास से टखनों, जांघों, पिंडलियों और रीढ़ की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही साथ कूल्हों और कमर के क्षेत्र में लचीलापन बढ़ता है। इस योग को करने से व्यक्ति में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में काफी सुधार होता है। यह योग रक्त परिसंचरण को बेहतर करता है और पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है। इस आसन को करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। वृक्षासन करते समय संतुलन बनाए रखने के लिए किसी दीवार का सहारा लें।

कई बार शुरुआती दौर में आपको संतुलन बनाने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा इस आसन को शुरू करने से पहले डॉक्टर का परामर्श जरूर लें, अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं। वृक्षासन शुरुआती तौर पर आप रोजाना 15-30 सेकंड तक कर सकते हैं। इसके लिए आप तय करें कि आप कम से कम इस आसन के दो से तीन सेट का अभ्यास करें। इस दौरान कुछ सेकंड का ठहराव भी ले सकते हैं। अगर आप संतुलन बनाने में सफल हो रहे हैं तो आसन करने के समय में वृद्धि करें। 30 सेकंड से इसे बढ़ाकर 1 मिनट तक कर लें। इस दौरान गहरी और स्थिर सांस लें। यह एकाग्रता और स्थिरता में मदद करता है।

वृक्षासन शुरुआती तौर पर आप रोजाना 15-30 सेकंड तक कर सकते हैं। इसके लिए आप तय करें कि आप कम से कम इस आसन के दो से तीन सेट का अभ्यास करें।

कैलगरी (कनाडा) (द कन्वरसेशन)। रजोनिवृत्ति के बाद 'मूत्र नली का संक्रमण' (यूटीआई) बार बार हो सकता है, लेकिन अधिकांश महिलाओं को यह एहसास नही है कि दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

रजोनिवृत्ति के बाद यूटीआई संक्रमण से बचें

रजोनिवृत्ति के बाद यूटीआई होना आम बात क्यों है?

रजोनिवृत्त के बाद महिलाओं में यूटीआई बढ़ने का मुख्य कारण एस्ट्रोजन के स्तर में गिरावट है। यूरीनरी ट्रैक के ऊतकों को ठीक बनाए रखने में एस्ट्रोजन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैसे-जैसे एस्ट्रोजन का स्तर घटता है, वैसे वैसे यूरेथ्रा (वह नली जिसके माध्यम से मूत्र शरीर से बाहर आता है) की परत अधिक पतली और अधिक नाजुक हो जाती है। इसके अलावा यूरीनरी ट्रैक में संक्रमण से लड़ने वाली रक्त कोशिकाएं कम हो जाती है और श्लैष्मिक (म्यूकोसल) प्रतिरक्षा भी कम हो जाती है। जिससे बैक्टीरिया के लिए संक्रमण फैलाना आसान हो जाता है। जिन महिलाओं की यूरीनरी ब्लैडर की मांसपेशियां कमजोर हो गई है उनका ब्लैडर एक साथ पूरा खाली नहीं हो पाता जिससे मूत्र ब्लैडर में बचा रह जाता है और इससे वहां संक्रमण पैदा होने का खतरा होता है।

यूटीआई के लक्षण

अगर यूरीन में किसी प्रकार के संक्रमण के लक्षण नहीं है तो इसे यूटीआई नहीं कहा जा सकता, वही किसी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर इलाज की जरूरत होती है। यूटीआई के लक्षणों में लगातार बार बार मूत्र त्याग की जरूरत महसूस होना, इस दौरान तेज जलन होना, खुल कर पेशाब नहीं होना आदि है। गंभीर मामलों में यूटीआई से गुर्दे में संक्रमण हो सकता है, इसलिए जब लगे कि बुखार है, ठंड लग रही है और पीठ में दर्द हो रहा है तो तत्काल चिकित्सा सहायता लेना आवश्यक है।

यूटीआई को रोकने के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीतियां कई चिकित्सा प्रक्रिया और जीवनशैली में बदलाव अहम अंतर ला सकती हैं:

योनि एस्ट्रोजन उपचार

रजोनिवृत्त महिलाओं में बार-बार होने वाले यूटीआई को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है योनि एस्ट्रोजन थेरेपी। अध्ययनों से पता चला है कि योनि एस्ट्रोजन यूरेनरी ट्रैक के प्राकृतिक सुरक्षात्मक कारक को बहाल कर सकता है, जिससे यूटीआई का जोखिम काफी कम हो जाता है।

गैर-एंटीबायोटिक रोकथाम

'मेथेनामाइन हिप्पुरेट' बैक्टीरिया बनने से रोकने वाला वातावरण तैयार करना यूटीआई को कम करने में प्रभावी है।

एंटीबायोटिक की कम खुराक

चिकित्सक कई महीनों तक एंटीबायोटिक्स की कम खुराक दे सकते है।

स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी आदतें

हालांकि इसके प्रमाण सीमित है, लेकिन रोजमर्रा की कुछ आदतें जैसे पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, यौन संसर्ग के बाद मूत्र त्याग करना, साफ सफाई बनाए रखना आदि यूटीआई को रोकने में मदद कर सकती है।

आदिल राशिद बने इंग्लैंड के नंबर एक स्पिनर

लंदन। इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर बन गये हैं। आदिल ने दिग्गज स्पिनर ग्रीम स्वान को पीछे छोड़ दिया है और वह नंबर एक स्थान पर आ गये हैं। राशिद ने 298 पारियों में 412 विकेट लिए हैं जबकि स्वान ने 223 पारियों में 410 विकेट लिए थे। राशिद को लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन के कारण ही यहां तक पहुंचे हैं। अच्छी लेग स्पिन और विविधतापूर्ण गेंदबाजी के कारण ही वह सीमित ओवरों के प्रारुप में इंग्लैंड के प्रमुख खिलाड़ी बने हैं। एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में उनकी गुगली और फ्लिपर को खेलना बल्लेबाजों के लिए बेहद कठिन रहा है।

साल्ट पापा बने

मुम्बई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के क्रिकेटर फिल साल्ट पापा बन गये हैं। सॉल्ट इसी कारण फाइनल मैच से पहले अभ्यास के लिए मैदान में नहीं नजर आये उनकी इंग्लैंड वापसी की भी अटकलें लगायी जाने लगीं। साल्ट की पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया है। साल्ट ने इस सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

30 सितंबर से खेला जाएगा महिला टी20 विश्वकप - आईसीसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि महिला टी20 विश्व कप 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी के अनुसार इसमें कोलंबो को अतिरिक्त तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले अकेले ही इसकी मेजबानी करने जा रहा था पर अब इसके मैच बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम के अलावा कोलंबो में भी खेले जाएंगे।

रोहित ने इसलिए नहीं दिया करुण को बल्ला

मुंबई। मुम्बई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पंजाब किंग्स के साथ हुए आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर मुकाबले के बाद ऑटो ग्राफ और उपहार देते हुए देखा गया। मैच समापत होने के बाद मुंबई के कई खिलाड़ी रोहित शर्मा की टी शर्ट पर आटोग्राफ और बल्ला लेते हुए नजर आए। इस दौरान रोहित ने जॉनी बेयरस्टो सहित कई खिलाड़ियों को बल्ला दिया पर जब कर्ण शर्मा उनके पास पहुंचे तो रोहित ने उन्हें इंकार कर दिया क्योंकि तब तक उनकी किट बैग खाली हो गयी थी। सोशल वीडियो में साझा किये गये एक वीडियों में रोहित ने कहा, अब मेरे पास कोई बल्ला नहीं है। साथ ही कहा कि किट पूरी भरी थी और उसमें रखे सभी छह बल्ले बांट दिये हैं। रोहित ने आईपीएल के इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 15 मैचों में 418 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 29.86 का रहा।

इंडोनेशिया ओपन में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंची सिंधु, लक्ष्य हारे

जकार्ता। भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु जीत के साथ ही इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। वहीं भारत के ही लक्ष्य सेन हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। सिंधु ने एक घंटे से अधिक समय तक चले महिला एकल मैच में जापान की नोजोमी ओकुहारा को कड़े मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। शुरुआती गेम में सिंधु ने तेजी से खेला। सिंधु ने एक गेम अंक बचाया और आक्रामक रुख अपनाते हुए 22-20 से मैच अपने नाम किया।

वहीं दूसरे गेम में सिंधु 7-11 से पीछे चल रही थीं पर इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की। सिंधु ने अपने दमदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच अंक हासिल किये पर इसके बाद उनके एक गलती से ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गयीं। इस खिलाड़ी ने इसके बाद 23-21 से जीत हासिल की।निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने सावधानी बरती। सिंधु ब्रेक के समय 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी लय हासिल करते हुए लगातार जीत के साथ ही 20-12 से बढ़त बनायी। उन्होंने आठ मैच अंक हासिल जीत दर्ज की। वहीं पुरुष एकल में लक्ष्य चीन के विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी शि यू क्यू के खिलाफ एक घंटे और पांच मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 11-21, 22-20, 15-21 से हारे। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 17-11 से पिछड़ने के बाद वापसी की। एक मैच अंक बचाया और गेम को 22-20 पर ला दिया पर पर इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने तीसरे गेम में मैच पलट दिया और जीत हासिल कर ली। शुरुआती गेम में सिंधु ने तेजी से खेला।

सिंधु ने एक गेम अंक बचाया और आक्रामक रुख अपनाते हुए 22-20 से मैच अपने नाम किया। वहीं दूसरे गेम में सिंधु 7-11 से पीछे चल रही थीं पर इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की। सिंधु ने अपने दमदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच अंक हासिल किये पर इसके बाद उनके एक गलती से ओकुहारा 20-20 से बराबरी पर आ गयीं।

4 जून से खेला जाएगा छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप : टीसीएआई

पानीपत। हरियाणा के पानीपत में छठा टेनिस क्रिकेट फेडरेशन कप बुधवार 4 जून से शुरू होगा। ये 6 जून शुक्रवार को समाप्त होगा। फेडरेशन कप का आयोजन भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) द्वारा किया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट महासंघ (आईटीसीएफ) का सदस्य निकाय है। फेडरेशन कप में देश भर की 12 टीमें भाग लेंगी। इसे ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का साथ मिला हुआ है। रूस और पोलैंड के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट सीरीज में भाग लेने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन कप से ही किया जाएगा। भारतीय टेनिस क्रिकेट संघ (टीसीएआई) के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर ने कहा, हम अपने टूर्नामेंट को प्रायोजित करने और हमारा समर्थन करने के लिए ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के आभारी हैं। टेनिस क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनका समर्थन सबसे अहम होगा। उनके समर्थन से हमारा लक्ष्य इस रोमांचक प्रारूप में और अधिक व्यावसायिकता और मान्यता जोड़ना है, जिससे खिलाड़ियों को अधिक अवसर और अनुभव मिल सके।

इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमें उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, बिहार, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, विदर्भ, हरियाणा, राजस्थान, मुंबई और मध्य प्रदेश से हैं। डीएलआई के मुख्य रणनीतिकार चेतन्य नंदा ने कहा, हम फेडरेशन कप को प्रायोजित करके खुश हैं और सामने आने वाली प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हैं। हम टेनिस क्रिकेट के भविष्य में विश्वास करते हैं, और यह फेडरेशन कप अगली पीढ़ी के विकास की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा, हम भविष्य में भी छोटे जिलों के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने और उन्हें अवसर प्रदान करने के लिए इस तरह के जमीनी स्तर के टूर्नामेंट प्रायोजित करते रहेंगे।ड्रीम लीग ऑफ इंडिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल विश्व कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया जूनियर और सीनियर दोनों के लिए होगी, जिसमें दोनों श्रेणियों में छह फेंचाइजी भाग लेंगी।

इंडिया ए इंग्लैंड लायंस के बीच ड्रॉ हुए पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों का अच्छा प्रदर्शन

नॉर्थम्पटन। इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहले मैच का कोई परिणाम नहीं निकला और ये ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस गैर मान्यता प्राप्त मैच में चार युवा भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक लगाये वहीं करुण नायर ने लंबे समय बाद वापसी करते हुए दोहरा शतक लगाया। यशस्वी जायसवाल ने 64 रन जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने 68 रन और ध्रुव जुरेल ने नाबाद 53 रन बनाये। वहीं नीतिश कुमार रेड्डी ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। इस मैच में इंडिया ए ने दूसरी पारी में 41 ओवर में दो विकेट पर 241 रन बनाए, जिसके बाद केवल 25 ओवर बचे थे जिसको देखते हुए दोनों ही कप्तानों से सलाह के बाद मैच समाप्त घोषित कर दिया गया।

इस मैच में इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 587 रन बनाकर 30 रन की बढ़त हासिल की थी। उसके निचले क्रम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए इंडिया ए के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। एडी जैक ने 25 रन और अजीत सिंह डेल ने नाबाद 27 रन बनाये। इंग्लैंड लायंस की ओर से टॉम हेन्स ने 171 रन, मैक्स होल्डन ने 101 रन, और डेन मूसले ने 113 रनों की पारी खेली। वहीं इंडिया ए की ओर से मुकेश कुमार ने 25 ओवर में 92 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि शार्दुल ठाकुर ने 105 व हर्षित राणा ने 99 रन बनाये।

भारत के खिलाफ खासे सफल रहे हैं स्मिथ

मुम्बई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भारतीय गेंदबाजों के लिए हमेशा ही परेशानी साबित हुए हैं। स्मिथ का रिकार्ड भारतीय टीम के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। 2015 एकदिवसीय विश्वकप की बात करें या 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल सहित कई मैचों में स्मिथ के कारण ही भारतीय टीम जीत हासिल नहीं कर पायी। डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 में स्मिथ ने 121 रन बनाए थे।

इस मैच में उनकी और ट्रेविस हेड के बीच हुई 285 रनों की साझेदारी से ये मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया था। भारतीय टीम के खिलाफ स्मिथ ने 24 टेस्ट मैचों में 58.90 के औसत से 2356 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 11 शतक और 5 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भी स्मिथ का औसत भारत के खिलाफ 50 से अधिक का रहा है। भारतीय टीम के खिलाफ 30 एकदिवसीय मैचों में स्मिथ ने 53.19 की औसत से 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 11 मैचों में 229 रन बनाये हैं। स्मिथ ने अपने करियर की शुरुआत एक लेग स्पिनर के रूप में की थी। स्मिथ ने जुलाई 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए आठवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर पांच साल बाद ही वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बन गये। इसके अलावा वह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज भी बन गये। उनका करियर विवादों में भी रहा है। मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़खानी विवाद के कारण स्मिथ को एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें कप्तानी से भी बाहर कर दिया गया था।

स्मिथ ने अबतक 116 टेस्ट मैचों में 56.74 की औसत से 10271 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाये हैं। स्मिथ अब रिकी पोंटिंग के 13378 रनों से आगे निकलना चाहेंगे। इसके अलावा उनकी नजरें सचिन तेंदुलकर के 51 टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने पर भी होंगी।

पीठ की सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे मयंक यादव

मुम्बई। पिछले काफी समय से पीठ की समस्या से जूझ रहे युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव अब सर्जरी के लिए न्यूजीलैंड जाएंगे। होगी। मयंक उसी डॉक्टर से अपनी सर्जरी कराएंगे जिसने जसप्रीत बुमराह की सर्जरी की थी। यह सर्जरी न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में स्थित प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जन डॉ. रोवन शाउटेन करेंगे। डॉ. शाउटेन ने ही साल 2023 में जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की सर्जरी की थी, साथ ही ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों जेसन बेहरेनडॉर्फ और जेम्स पैटिनसन का भी इलाज किया था।

पिछले साल, शाउटेन और ग्राहम इंगलिस ने स्ट्रेस फ्रैक्चर से परेशान ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की पीठ की सर्जरी भी की थी। माना जा रहा है कि मयंक बार-बार हो रही पीठ की समस्या को पूरी तरह से ठीक करने अब सर्जरी कराना चाहते हैं। ऐसे में बुमराह ने जिस प्रक्रिया से गुजरे थे, वही प्रक्रिया मयंक के लिए भी अपनाई जाएगी। माना जा रहा है कि यह कदम मयंक के लिए फायदेमंद है, क्योंकि यह उनकी तेज गेंदबाज के रूप में लंबी उम्र को बढ़ाएगा। मयंक को इस बारे में बता दिया गया है और वह कुछ दिनों में न्यूजीलैंड रवाना होंगे। सर्जरी के बाद, वह 22 से 25 दिनों तक वहां रहेंगे ताकि रिहैबिलिटेशन और रिकवरी प्रक्रिया को सही से पूरा किया जा सके।

गौरतलब है कि मयंक ने अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भारत के लिए डेब्यू किया था पर चोट के कारण वह पूरे समय नहीं खेल पाये थे। 2024/25 के घरेलू सीजन में भी वह पीठ की समस्या के कारण बाहर रहे। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने उन्हें आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किया पर पैर की उंगली में चोट के कारण वह देर से टीम में शामिल हुए। मयंक ने आईपीएल 2025 में केवल दो मैच खेले, जहां उनकी गति घटकर 130 किमी/घंटा तक सीमित रही। इसके बाद मयंक की पीठ की चोट फिर उभरी, जिसके कारण वह पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

कुश्ती प्रतियोगिता में उदयवीर ने जीता स्वर्ण पदक

गाजीपुर (ईएमएस)। महाराष्ट्र के नासिक में हुई ग्राफ्लिंग कुश्ती सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में कोटिशा के पुरुष प्रशिक्षु पहलवान उदयवीर यादव ने 92 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। स्टेडियम के संस्थापक के अनुसार उदयवीर इस पदक की जीत के बाद विश्व चैंपियनशिप के लिए सर्बिया जाएंगे।

साथ ही कहा कि आगामी ओलंपिक में हम उनसे पदक की उम्मीद कर रहे हैं। उदयवीर की इस उपलब्धि पर उनके शहर नासिक के कुश्ती जगत में भी खुशी छायी हुई है। सभी ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

भारत-थाईलैंड के बीच दोस्ताना फुटबॉल मैच आज

थाइलैंड। स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री की कप्तानी में भारतीय फुटबॉल टीम बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मैच में थाईलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। दोनों ही टीमें के बीच अतीत में एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप और किंग्स कप में रोमांचक मुकाबले हुए हैं। जिसमें भारतीय टीम जीती थी।

छेत्री ने कहा, ''मुझे पिछले मैच का याद है जिसमें हमारी टीम के युवा खिलाड़ियों ने थाईलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए, इस बार भी हम उससे प्रेरणा लेकर उतरेंगे। भारतीय टीम को अब थाईलैंड के खिलाफ लगातार तीसरी जीत के लिए छेत्री से एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। भारतीय टीम अभी फीफा रैंकिंग में 127वें जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है। आंकड़ों पर नजर डालें तो थाईलैंड का पलड़ा भारी है। जकार्ता में साल 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार भारत और थाईलैंड के बीच मुकाबला हुआ था। उसमें भारतीय टीम ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार एक-दूसरे से टकरायी है। इसमें भारतीय टीम ने सात जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। वहीं अन्य सात मैच ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो पिछले दो मैच खेले गए थे। उसमें भारतीय टीम ने जीत हासिल की थी। भारतीय टीम इसी जीत को दोहराना चाहेगी।

आईएसएसएफ निशानेबाज विश्व कप आठ जून से

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले अगले माह आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण में भारत की ओर से पदक के प्रबल दावेदार रहेंगे। भाकर और कुसाले को 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने भाकर को दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में शामिल किया है। वहीं पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह को भी जगह मिली है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार किसी स्पर्धा में खेलते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौसले बुलंद हैं। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस इस टीम के कुल 13 सदस्यों को म्यूनिख जाने वाली टीम में भी शामिल किया गया है। इस विश्वकप टीम में भी शामिल किया गया है। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चयनित टीम में तीन नए खिलाड़ी भी रहेंगे। राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुष वर्ग में एयर पिस्टल में दो नये निशानेबाजों को शामिल किया गया है। हाल ही में कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक टूर्नामेंट में मिश्रित टीम का खिताब जीतने वाली जोड़ी का हिस्सा रहे हरियाणा के आदित्य मालरा और सेना के निशानेबाज निशांत रावत भी इसमें शामिल हैं।

14 जून से होगा 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

सेन डियागो । 2025 क्लब वर्ल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट इसी माह 14 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका में होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। इसमें सात मैचों का ग्रुप स्टेज और प्लेऑफ फॉर्मेट होगा। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने इसके लिए इनामी राशि घोषित कर दी है। इसमें कुल इनामी राशि 1 बिलियन डॉलर 32 प्रतिभागी क्लबों में वितरित की जाएगी। इसमें विजेता टीम को 125 मिलियन डॉलर तक जीतने का निर्धारित।अवसर मिलेगा। इसके अलावा वैश्विक क्लब फुटबॉल को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर अलग रखे गए हैं। वहीं इसमें शामिल टीमों को 525 मिलियन डॉलर मिलेंगे। इसके अलावा यूईएफए क्लब 12.81 मिलियन डॉलर से 38.19 मिलियन डॉलर तक की राशि हासिल करेंगे, जो उनकी रैंकिंग और राजस्व पर निर्भर करेगा। इसके तहत शीर्ष स्तर के क्लब चेल्सी, मैनचेस्टर सिटी, रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख बड़ी इनामी राशि हासिल करने की दावेदार रहेंगी। कॉमेबोल (दक्षिण अमेरिकी) क्लब को 15.21 मिलियन डॉलर के करीब रकम मिलेगी। कॉनकैकएफ, सीएएफ और एएफसी क्लब को 9.55 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि ओएफसी (ओशिनिया) क्लब्स 3.58 मिलियन डॉलर दिये जाएंगे। टूर्नामेंट से होने वाली सभी कमाई क्लब फुटबॉल के विकास में ही लगाई जाएगी।

सचिन,धोनी की तरह विराट की जर्सी भी होगी रिटायर !

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को सम्मानित करने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी जर्सी नंबर 18 को रिटायर कर सकती है। इससे भारतीय टेस्ट टीम में आने वाले समय में किसी भी खिलाड़ी को ये जर्सी नंबर नहीं मिलेगा। जर्सी नंबर 18 नंबर की पिछले 14 साल से विराट के पास रही है। कोहली ने अभी एकदिवसीय से संन्यास नहीं लिया है ऐसे में वह फिलहाल इस जर्सी में खेलते हुए देखेंगे पर यह माना जा रहा है कि जिस प्रकार सचिन तेंदुलकर (जर्सी नंबर 10) और महेंद्र सिंह धोनी (जर्सी नंबर 7) की जर्सी किसी अन्य खिलाड़ी को नहीं मिली। उसी प्रकार किसी भी नये खिलाड़ी को 18 नंबर की जर्सी नहीं मिलेगी। वहीं युवा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के इंडिया ए की ओर से 18 नंबर की जर्सी पहनने को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि मुकेश कुमार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले 'टेस्ट मैच में 18 नंबर की जर्सी पहनी जरुर थी पर इससे फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ए टीम में कोई निश्चित नंबर के साथ ही जर्सी पर नाम नहीं होता है।कोई भी खिलाड़ी कोई भी नंबर चुन सकता है। जर्सी नंबर केवल अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ही मान्य है।

भारतीय टेस्ट टीम में दो नए सदस्य बी साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं लेकिन उन्हें जो जर्सी नंबर दिए गए हैं, वे अलग हैं। भारतीय टीम में किसी विशेष जर्सी नंबर को आधिकारिक रूप से 'रिटायर करने प्रथा नहीं है लेकिन कुछ मशहूर नंबर बाद में टीम में शामिल हुए खिलाड़ियों ने नहीं पहने हैं।

गंगेव में महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन में आयेंगे मुख्यमंत्री आज

रीवा (कीर्तिप्रभा). मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रीवा के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 11.55 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जबलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 12.35 बजे प्रस्थान कर 1.30 बजे उमरिया जिले के पाली पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे पाली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.45 बजे हेलीपैड गंगेव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वलन कर महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विद्युत चलित शैलाचाक से निर्मित मिट्टी के बर्तनों का अवलोकन एवं वितरण कर हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत के बाद मनगवां विधायक श्री नरेन्द्र प्रजापति स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद सांसद श्री जनार्दन मिश्र का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ यादव विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आजीविका उन्नयन के द्वारा आर्थिक रूप सशक्त हुई स्वसहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में इसके बाद मुख्यमंत्री हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन से होगा।
क्रमांक-17-1811-उमेश तिवारी/एसपी शुक्ल-फोटो क्रमांक 01 संलग्न है।

कमिश्नर, आईजी, डीआईजी और कलेक्टर ने लिया तैयारियों का जायजा

रीवा (कीर्तिप्रभा).. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आ रहे हैं। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले परंपरागत शिल्पियों को बिजली से चलने वाले चाक प्रदान करेंगे। सम्मेलन दोपहर 3 बजे आरंभ होगा। विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दौरे की तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। अधिकारियों ने हेलीपैड स्थल तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होने वाले हितग्राहियों के बैठने की सेक्टरवार व्यवस्था करें। हितलाभ वितरण वाले हितग्राहियों को मंच के समीप बैठने के लिए स्थान सुरक्षित करें। पंडाल के प्रत्येक सेक्टर में कार्यपालन यंत्री पीएचई और नगरीय निकाय मिलकर पेयजल की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक सेक्टर में एक अधिकारी और कर्मचारी पेयजल की आपूर्ति के लिए तैनात रखें। सभी सेक्टर में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा साउंड व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत गंगेव के अध्यक्ष श्री विकास तिवारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

रीवा (कीर्तिप्रभा). उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 4 जून को सुबह 8.30 बजे भोपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 10.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और निज निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे गंगेव विधानसभा क्षेत्र में गंगेव स्टेडियम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे।

जिले के प्रभारी मंत्री आज आएंगे रीवा,

रीवा (कीर्तिप्रभा). पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 4 जून को रीवा आएंगे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल उमरिया से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ दोपहर 3 बजे हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे गंगेव हेलीपैड पहुंचेंगे और मनगवां विधानसभा क्षेत्र गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में मुख्यमंत्री जी के साथ शामिल होंगे।

भूमि अर्जन संबंधी जनसुनवाई 5 जून को

रीवा (कीर्तिप्रभा). अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग हुजूर कार्यालय में 5 जून को सुबह 10 बजे से सार्वजनिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। यह जनसुनवाई तहसील हुजूर में ढेकहा तिराहे पर जक्शन इम्प्रूवमेंट एवं सड़क निर्माण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा-5 के तहत की जा रही है। एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने क्षेत्र के हितबद्ध व्यक्तियों से सार्वजनिक जनसुनवाई में निर्धारित स्थान व समय में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

जनसुनवाई में 86 आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें

रीवा (कीर्तिप्रभा). कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 86 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने भी जनसुनवाई की। जनसुनवाई में तिघरा निवासी बालमीक शुक्ला के सीमांकन कराने, बरा 396 के रामगोपाल मिश्रा के खसरा सुधार कराने, लौवा निवासी नंदकिशोर कुशवाहा के पुनः सीमांकन कराने तथा रौरा निवासी महेन्द्र कुमार के नामांतरण कारक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार पाती निवासी रामनिवास यादव ने सड़क दुर्घटना में मृत पत्नी के आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। गणेश प्रसाद विश्वकर्मा निवासी अमवा के भूमि अतिक्रमण मुक्ति कराने के आवेदन को एसडीएम मनगवां को, गहिलवार निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा के नक्शा संशोधन के आवेदन को नायब तहसीलदार डभौरा को तथा बीड़ा निवासी श्रीमती रामदुलारी के अवरूद्ध रास्ता को खुलवाने के आवेदन को तहसीलदार सेमरिया को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
जनसुनवाई में महमूदपुर के जगदीश प्रसाद मिश्रा तथा भेलौड़ी निवासी नागेन्द्र शुक्ला के भूमि अधिग्रहण का मुआवजा दिलाने के आवेदनों को सिंचाई विभाग को तथा नदना निवासी शंकर प्रसाद पाण्डेय के खाद्यान्न दिलाने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में शांति देवी सेमरिया निवासी के परिवार पेंशन प्रदाय करने के आवेदन पर पेंशन अधिकारी को तथा छोटेलाल तिवारी निवासी छत्रपति नगर के नाली निर्माण के आवेदन को आयुक्त नगर निगम को प्रेषित किया गया। पुष्पराज पटेल एवं ग्रामवासी कुंइया के स्थगन के बाद भी निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आवेदकों सीईओ जिला पंचायत को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया।

मुख्यमंत्री 49.97 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

रीवा (कीर्तिप्रभा). मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मनगवां विधानसभा क्षेत्र में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण समारोह में 49 करोड़ 97 लाख रुपए के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव 29 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत के 6 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री मनगवां विधानसभा क्षेत्र में 10 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इनमें उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन भदावल, छत्रगढ़, कोट, हकरिया, अमहा, बेलवा पैकान, घोपी, जोरौट, परासी तथा रक्सामाजन शामिल हैं। इनकी कुल लागत 6 करोड़ 50 लाख रुपए है। प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन के लिए 65 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत 6 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 11 अमृत सरोवर, एक करोड़ पाँच लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 7 सामुदायिक पार्क और एक करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 5 सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 4 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाली जोधपुर नम्बर एक से मुरली पहुंचमार्ग और 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव के 50 बिस्तरीय भवन निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।